8.1.78	8.30 to 10.00	1.30	P.H. No. I Jui - Canal
9.1.78	7.30 to 9.30	2.00	
10.1.78	7.00 to 10.00		

	6.30 to	7.30	4.00
28.1.78	7.00 to	1.30	6.30
31.1.78	8.30 to	6.00	9.30
			23.30

February, 1978

1.2.78	9.00 to	5.30	8.30
3.2.78	9.30 to	10.30	1.00
21.2.78	7.20 to	7.25	0.05
20.2.78	15.30 to	18.55	3.25
			13.00

Printing Press Haryana

***476. Chaudhri Des Raj :** Will the Minister for Social Welfare be pleased to state-

(a) the date on which togetherwith the name of the place where the printing press of this State was started by the Printing and Stationery Department, Haryana ;

(b) the year-wise detail of the quantity of the printing ink purchased for the printing press referred to in part (a) above since 1968 to date ; and

(c) the nature of the packages in which. the printing ink referred to in part (b) above is received ; if it is received in tins, the number of tins auctioned togetherwith the number of tins Tying for auction with the department at present ?

समाज कल्याण मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज) :

(क) (1) राजकीय प्रैस सैक्टर– 1 8, चण्डीगढ अक्तूबर, 1970 में चालू किया गया ।

(2) राजकीय पाठ्य पुस्तक प्रैस, पंचकूला, जिला अम्बाला मार्च, 1974 में चालू किया गया ।

(3) मधुबनप्रैस नवम्बर, 1977 में पट्टे पर ली गई है ।

(ख) विवरण पत्र सदन के पटल पर रखा जाता है ।

(ग) (1) डिब्बों तथा ड्रमों में ।

(2) 90 ड्रमों की नीलामी की गई है और 97 खाली ड्रम नीलामी के लिए उपलब्ध हैं ।

(3) कोई डिब्बा नीलाम नहीं किया गया है और 1515 खाली डिब्बे प्रैसों में पड़े हैं ।

सरकारी प्रैस के लिए प्रिन्टिग स्याही की खरीद का विवरण

प्रैस का ना म	1970– 71	1971– 72	1972– 73	1973– 74	1974– 75	1975– 76	1976– 77	1977– 78
	(स्याही किलोग्राम में)							
प्रैस सैक्टर–	675	888¾	963	1089½	344	732½	870½	953

पंचकूला प्रैस	--	--	—	1693	3074	3966	3704
मधुबन प्रैस	----	----	-	---		--	स्याही चण्डीगढ प्रैस से भेजी गई है ।

Expenditure incurred on the arrival of Union Health

Minister

***463. Lala Balwant Rai Tayal :** Will the Minister for Social Welfare be pleased to state the expenditure incurred on the function if any, held in the Jail at Hissar when the Union Health Minister visited it on 8-2-1978 toetherwith the name of the Account Head to which it was debited ?

समाज कल्याण मंत्री (श्रीमती सुषमा स्वराज) :

(1) 9, 887 37 रुपए कुल खर्च ।

(2) 9, 175. 49 रुपए का खर्चा हैड'' 256 जेलज से'' ।

711. 88 रुपए का खर्चा बन्दियों के कैन्टीन फण्ड से ।

15.00 बजे

विशेषाधिकार प्रश्न

Mr. Speaker : I am making an observation

श्री देवेन्द्र शर्मा : स्पीकर साहब, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है । एक बड़ा जरूरी मसला है । एस.एस.एस. बोर्ड में बड़ा घपला हुआ है । हजारों पढ़े लिखे बेरोजगारों के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है । ट्रिब्यून में पहले पेज पर इसकी फोटो आई है ।

Mr. Speaker : Please take your seat. I am making an observation.

Hon. Members, I have received a notice of a question of breach of privilege from Chaudhri Shamsher Singh Surjewala, M.L.A. concerning making deliberately false and misleading statement by Col. Rao Ram Singh, Education Minister, in the House on the 9th March, 1978, to the effect that the former Defence Minister handed over Rs. 2 lakhs to his son, Shri Surrinder Singh, M.L.A., which was presented to him in a public meeting at Bawal for being donated to the local college. According to Shri Surjewala this amount was meant for party fund and not for any college as stated by the Education Minister. I have gone through very carefully the relevant portions of the debate of that date and find that Col. Rao Ram Singh repeated and emphatically reiterated his statement that the money presented to Chaudhri Bansi Lal would be donated to the local college but it was instead

handed over to his son, Shri Surrinder Singh, M.L.A., who immediately thereafter left in a car. The hon. Members will also agree that Col. Rao Ram Singh instantly accepted the challenge of Chaudhri Surrinder Singh, M.L.A., and the Vidhan Sabha records do not show that at any stage Col. Rao Ram Singh made any wrong statement. As such, Chaudhri Shamsher Singh's dubbing of the statement of the Education Minister as false and a deliberate lie has not been substantiated (voices from the Treasury Benches : Shame, shame) as required under direction 115(1) as used by the Speaker, Lok Sabha, requiring a member to point out to the Speaker the particulars of the mistake or inaccuracy in the statement. If it was so, Chaudhri Shamsher Singh Surjewala would have challenged the Minister there and then in the House. According to the 'Practice and Procedure of Parliament' by Kaul and Shakdher, page 252, it has been clearly stated that if any statement is made on the floor of the House by a member or Minister which another member believes to be untrue, incomplete and incorrect, it does not constitute a breach of privilege. **in** view of this, I refuse to give my consent to Chaudhri Shamsher Singh Surjewala to raise the question of breach of privilege,

Now, discussion on Demands for grants,

Rao Birender Singh : I just want a clarification, sir

Mr. Speaker : Clarification on ruling ?

Industries Minister (Dr. Mangal Sein) : No talk against your ruling, sir

Rao Birender Singh : I want a clarification on the ruling so that in future we might also become wiser. This ruling would mean, in my view, that a Minister or Chief Minister or any member for that matter

डाक्टर मंगल सैन : स्पीकर साहब, मेरा प्वांयट– आफ आर्डर हैकि क्या अध्यक्ष महोदय की रूलिंग आने के बाद उसके पर कमैंट या चर्चा हो सकती है?

श्री अध्यक्ष : वह तो नहीं हो सकती लेकिन मैंने अभी इनका सवाल नहीं सुना है कि क्या है ।

राव वीरेन्द्र सिंह : मेरा यह व्यवस्था का प्रश्न है कि इस रूलिंग का जो असर होगा मैं उसके बारे में दरियाफत करना चाहता हूं ।

Mr. Speaker : Kindly talk to me in the Chamber (Interruption). **I** will explain to you the whole thing.

Shri Shamsher Singh : I gave notice of a Call Attention Motion regarding the S.S.S. Board affair today

Mr. Speaker : It is under examination. It has been received today.

श्री देवेन्द्र शर्मा : स्पीकर साहब, करन एक जरूरी मसला अखबार में आया कि एस. एसएस. बोर्ड के....

श्री अध्यक्ष : यह बात हो चुकी है । अभी मैंने इसी के बारे में बताया है कि मामला अन्डर कन्सीडेरशन है ।

अनुदानों के लिये सरकारी मांगों पर चर्चा तथा मतदान

Mr. Speaker : According to the previous practice and in order to save the time of the House all the Demands for Grants appearing on the Order Paper will be deemed to have beenread and moved together. The Hon. Members can raise discussion on the Demands but while speaking they will have to indicate the Demand No. on which they want to raise discussion.

That a sum not exceeding Rs. 31,82,150 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 1—Vidhan Sabha.

That a sum not exceeding Rs. 5,50,52,260 be granted to the Governor . to defray the charges that will come in the course-of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand- No-2—general Administration.

That a sum not exceeding Rs. 14,56,57,480 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in respect cf the charges under Demand No.3-Home.

That a sum not exceeding Rs. 3,64,74,080 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 4—Revenue.

That a sum not exceeding Rs. 2,35,64,580 be granted to the Governor to defray the charges that will come in

the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand, No. 5—Excise and Taxation.

That a sum not exceeding Rs. 4,87,36,790 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 6—Finance.

That a sum not exceeding Rs. 3,13,75,200 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 7—Other Administrative Services.

That a sum not exceeding Rs. 28,91,65,800 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 8—Buildings and Roads.

That a sum not exceeding Rs. 46,36,76,355 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 9—Education.

That a sum not exceeding Rs. 26,58,87,015 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for .the year 1978-79 in

respect of the charges under Demand No. 10—Medical and Public Health.

That a sum not exceeding Rs. 79,31,750 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 11—Urban Development.

That a sum not exceeding Rs. 2,62,77,235 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in

respect of the charges under Demand No. 12—Labour and Employment.

That a sum not exceeding Rs. 3,57,07,059 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 13—Social Welfare and Rehabilitation.

That a sum not exceeding Rs. 94,82,78,000 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 14—Food and Supplies.

That a sum not exceeding Rs. 1,24,84,21,230 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 15—Irrigation.

That a sum not exceeding Rs. 4,07,95,390 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the 'course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 16—Industries.

That a sum not exceeding Rs. 25,13,66,460 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 17—Agriculture.

That a sum not exceeding Rs. 5,74,93,950 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 18—Animal Husbandry.

That a sum not exceeding Rs. 55,38,920 be granted to the Governor to defray the charges that will come in- the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 19—Fisheries.

That a sum not exceeding Rs. 3,19,13,210 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 20—Forest.

That a sum not exceeding Rs. 4,93,28,715 be granted to the Governor to deft ay the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in

respect of the charges under Demand No. 21—Community Development.

That a sum not exceeding Rs. 9,43,42,100 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 22—Cooperation.

That a sum not exceeding Rs. 41,75,72,426 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 23—Transport.

That a sum not exceeding Rs. 13,30,310 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the

course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 24—Tourism.

That a sum not exceeding Rs. 51,72,17,100 be granted to the Governor to defray the charges that will come in the course of payment for the year 1978-79 in respect of the charges under Demand No. 25—Loans and Advances.

I have also received notices of cut motions to the various Demands from some M.L.As. These will also be deemed to have been read and moved. However, **I** will put the various cut motions to the vote of the House when the respective Demands are put at the time of guillotine. Such Members may, however, participate in the discussion.

Guillotine will be applied at 6.00 p.m.

DEMAND NO. 2

(MAJOR HEAD : 213—Council of Ministers)

1. Swami Aditya Vesh :

That the item of Rs. 6,000/- on account of B—Sumptuary and other allowances be reduced by Re. **1/-.**

2. **Swami Aditya Vesh :**

That the item of Rs. 1,00,000/- on account of C—Tour Expenses be reduced by Rs. 50,000.

3. **Swami Aditya Vesh :**

That the item of Rs. 5,38,300/- on account of E—Discretionary grant by Ministers be reduced by Rs. 4,00,000/- .

4. **Swami Aditya Vesh :**

That the item of Rs. 5,67,500/- on account of F—Other Expenditure—Maintenance of the Ministers' Residence/Office— Cffice Expenses be reduced by Rs. 3,00,000/,

5. **Swami Aditya Vesh :**

That the item of Rs. 14,00,000/- on account of F,Other Expenditure (ii) Nrintenance and running of vehicles and Ministers' Car Section- Office Expenses be reduced to Rs. 4,00,000/-.

(MAJOR HEAD : 285—Information and Publicity)

6. **Swami Aditya Vesh :**

That the item of Rs. 10,03,280/- on account of H—Songs and Drama Services be reduced by Rs. 7,00,000/-.

7. **Swami Aditya Vesh :**

That the item of Rs. 10,45,070/- on account of I—Films be reduced by Rs. 7,00,000/-. (2—GENERAL **ADMINISTRATION)**

8. **Shri Surrender Singh :** That the demand be reduced by Re. 1/-.

9. **Shri Shamsher Singh :**

That the demand be reduced by Re. 1/-.

DEMAND NO. 3

(MAJOR HEAD : 256—Jails) 1. Swami Aditya Vesh :

That the item of Rs. 36,69,730/- on account of B--Jails-5(a) Other Charges and 5(b) Office Expenses be reduced by Rs. 20,00,000/-.

DEMANDS NO. 4 AND 16.

(MAJOR HEAD : 304—Other General Economic Services) 1. Swami Aditya Vesh :

That the item of Rs. 24,01,200- on account of D—Economic Advice and Statistics be reduced by Rs. 15,00,000/,

DEMAND NO. 5

(MAJOR HEAD : 235—Collection of other Taxes on property and Capital

Transactions)

1. Swami Aditya Vesh :

That the item of Rs. 70,000/- on account of Office Expenses be reduced by Rs. 50,000/-.

(MAJOR HEAD 239—State Excise)

2. Swami Aditya Vesh :

That the item of Rs. 2,61,600/- on account of Office Expenses be reduced by Rs. 2,00,000/,

(MAJOR HEAD : 240—Sales Tax)

3. Swami Aditya Vesh :

That the item of Rs. 11,01,030/. on account of B--Collection Charges--Office **Expenses** be reduced by Rs. 10,00,000/-.

DEMAND NO. 6

(MAJOR HEAD : 247—Other Fiscal Services) 1. Swami Aditya Vesh :

That the item of Rs. 20,00,000/- on account of (iii) Awards to District—Other Charges be reduced by Rs. 15,00,000/-.

DEMAND NO. 7

(MAJOR HEAD : 258—Stationery and Printing)

1. Swami Aditya Vesh :

That the item of Rs. 22,00,000/- on account of E—Cost of Printing by other Sources-(a) Private Presses and (b) Other Government Presses be reduced by Rs. 15,00,000/-.

(MAJOR HEAD : 465—Capital outlay on Stationery and Printing and other Administrative Services)

2. Swami Aditya Vesh :

That the item of Rs. 6,00,000/- on account of Purchase of Machinery be reduced by Rs. 5,00,000/-.

(MAJOR HEAD : 268—Miscellaneous General Services)

3. Swami Aditya Vesh :

That the item of Rs. 17,82,410/. on account of D—Other Expenditure be reduced by Rs. 15,00,000/-.

DEMAND NO. 8

(MAJOR HEAD : 259—Public Works)

1. Swami Aditya Vesh :

That the item of Rs. 1,00,000/- on account of E—Furnishings be reduced by Rs. 80,000/-.

(MAJOR HEAD : 283—Housing)

2. Swami Aditya Vesh :

That the item of Rs. 90,000/- on account of C(vii) Lease Charges—Maintenance of the Ministers Residences Rent, Rates and Taxes be reduced by Re. 1/-.

DEMAND NO. 9

(MAJOR HEAD : 278—Art and Culture) 1. Swami Aditya Vesh :

That the item of Rs. 22,80,585/• on account of Art and Culture be reduced by Rs. 15,00.000/-.

(9—Education)

2. Shri Surrender Singh :

That the demand be reduced by Re. 1/-.

DEMAND NO 10

(MAJOR HEAD : 281—Family Planning) 1. Swami Aditya Vesh :

That the item of Rs. 2,19,65,000/- on account of Family Planning be reduced by Rs. I,00,00,000/-.

DEMAND NO. 11

(11—Urban Development)

1. Chaudhri Birinder Singh :

That the demand be reduced by Re. 1/-.

DEMAND NO 16

(16—Industries)

1. Shri Mange Ram Gupta : That the demand be reduced by Re. **1/,**

DEMAND NO. 17

(MAJOR HEAD : 308—Area Development) 1. Swami Aditya Vesh :

That the item of Rs. 8,17,64,000/- on account of B-Dryland Development and D-Development of Desert Areas be reduced by Rs. 6,00,00,000/-,

DEMAND NO. 22 (22—Co-operation)

1. Chaudhri Birinder Singh :

That the demand be reduced by Re. 1/,.

DEMAND NO. 24

(MAJOR HEAD : 339—Tourism) 1. Swami Aditya Vesh :

That the item of Rs. 9,00,000/- on account of B-Tourist Information znd Publicity be reduced by Rs. 8,50,000/-.

राय दलीप सिंह (महेन्द्रगढ़) : अध्शक्ष महोदय, आज डिमाड्ज पर डिस्कशन चल रही है

स्वामी आदित्य वेश : स्पीकर साहब, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है । इस डिस्कशन होने से पहले मैं एक बात कहना चाहता हूं कि मैंने सदन के सामने 22 कट मोशन रखे थे । अपने नेताओं से बातचीत करने के बाद मुझे तसल्ली हो गई है कि भविष्य में इन बातों पर ध्यान दिया जाएगा इसलिए मैं इन सारे कट मोशन्ज को वापिस लेता हूं ।

राव दलीप सिंह : अध्यक्ष महोदय, मैं डिमाण्ड नं. 2, 3, 4, 5, 8, 9, 1 0। 1 1, 1 2, 1 5, 1 6, 20 और 22 के बारे में अपने कुछ विचार रखूगा । (इस समय श्री उपाध्यक्ष पदासीन हुए) डिप्टी स्पीकर साहब, जो डिमांड नं. 4 है यह नैचुरल क्लाईमिटीज के बारे में यानी. रिलीफ देने के बारे में है । उपाध्यक्ष महोदय, हेल स्टॉरम से जिला महेन्द्र– गढ़ मेंकितना नुक्सान हुआ है, यह बात किसी से भूली हुई नहीं है । वहां के

बुजुर्ग लोग कहते हैं कि वहां पर जो ओला गिरा, वह बहुत वजनी था । जो ओला गिरा वह एवरेज 250 ग्राम का था । इतने वजनी ओले गिरने से वहां पर फसलें बिल्कुल तबाह हो गई हें । एक ईच भी ऐसी खेती या भूमि नहीं बची जहां नुक्सान न हुआ हो । वहां के गांवों में रात को दिया नहीं जलता और खाना बनाने केलिए चूल्हे में आग नहीं जलाई जा रही है । उस इलाके में इतना नुक्सान हुआ हैजिसके लिए मैं सरकार से प्रार्थना करुंगा कि वह कम सेकम एक हजार रुपया प्रति एकड के हिसाब से उन किसानों को मुआवजा दे जिनके खेत बिल्कुल तबाह हो चुके हैं । इसके साथ ही मैं यह भी कहना चाहता हूं कि जैसे कि चीफ मिनिस्टर साहब ने ऐलान किया है कि उनके कर्जे 8 महीने के लिए मुलतवी कर दिए जाएंगे, तो मैं कहना चाहता हूं कि 8 महीने केलिए नहीं बल्कि 2–3 साल केलिए मुलतवी करदिए जाने चाहिएं । इसके साथ ही मैं सरकार से यह भी प्रार्थना करना चाहूंगा कि जिला महेन्द्रगढ़ में एक स्पैशल एक्सपर्टस की टीम भेजी जाए जो कि वहां के खेतों, सायल और वाटर को एग्जामिन कर सके और बता सके कि खरीफ की फसल से पहले दूसरी कौन सी फसल की बीजाई की जा सकती है ताकि सरकार उस बीज का भी प्रबन्ध कर सके । इसके साथ–साथ तम्बाकू की जो फसल है, उस पर सैन्ट्रल एक्साइज 3 प्रतिशत पर के.जी. के हिसाब से है जो कि बडी भारी एक्साईज डियूटी है । मैं आपको एक एग्जाम्पल देता हूंकि राजस्थान में 100 किलोग्राम तक जमींदार खुद तम्बाकू इस्तेमाल कर सकता है और खुद इस्तेमाल करने के कारण 1 00

किलोग्राम पर एक्साइज डियूटी माफ कीहुई है । हमारे हरियाणा में रुपए प्रति किलो एक्साईज डियूटी लगती है और 36 किलोग्राम तक एक्साईज डियूटी माफ है । डिप्टी स्पीकर साहब, हरियाणा सरकार से मेरी प्रार्थना है कि उस बैकवर्ड इलाके में जहां हेल–स्टौर्म का प्रकोप है, वहां तम्बाकू पर एक्साईज डियूटी खत्म की जाए ताकि किसान फायदा उठा सकें ।

डिप्टी स्पीकर साहब, जो 10 लाख की ग्रान्ट है, सबसिडी है इसको और ज्यादा बढाया जाए, ताकि हर किसान को पूरी तरह से मदद मिल सके, किसानों की बुरी हालत है । डिप्टी स्पीकर साहब, महेन्द्रगढ में जो फसलडैमेज हुई है, उसके मेरे पास कुछ फोटोग्राफज हैं। मगर आप इजाजत दें तो सैं हाउस की टेबल पर रखना चाहूंगा ।

Mr. Deputy Speaker : It is under examination. If it is *permissible then you can lay them on the Table of the House.

राव दलीप सिंह : डिप्टी स्पीकर साहब, मैं आपकी मारफत सदन के नोटिस में लाना चाहूगा कि स्माल सेविन का जो कम्पेन चल रहा है, इसका जमीदारों पर बहुत बुरा असर पड़ता है । डिस्ट्रिक्ट महेन्द्रगढ़ हेलस्टौर्म से बुरी तरह सेइफैक्टिड है । गवर्नमैंट ने एक करोड़ रुपया इकट्ठा करने का टारगैट रखा है । गवर्नमैंट के अफसरान ने यह सर्कुलर जारी किया है कि तुम्हारा सर्विस रिकार्ड खराब कर दिया जाएगा, अगर तुमने स्माल सेविंग

में पैसा इकट्ठा नहीं किया । (व्यवधान) कितनी बुरी बात है कि सरकारी अफसर सर्कुलर जारी करते हैं कि अगर कुलैक्शन का टारगैट पूरा नहीं किया तो उनकी सर्विस का कान्फिडैशवल रिकार्ड खराद कर दिया जाएगा ।

वित्त मंत्री (चौधरी सतवीर सिंह मलिक) : ऐसा कोई आदेश जारी नहीं हुआ है, यह गलत बात है । यह पुरानी सरकार करती होगी लेकिन जनता पार्टी नेऐसा कोई आदेश जारी नहीं किया ।

राव दलीप सिंह : अगर आप कहें तो मैं उन अफसरों के नाम बता देता हूं जिन्होंने सर्कूलर जारी किए हैए और जो सर्कुलर जारी किए हैं, वह बता देता हूं । (व्यवधान) आप सुनिए, मैं गलत नही बता0ंगा, यकीन रखें

श्री वीरेन्द्र सिंह : गलत तो हम भी नहीं बताते । (व्यवधान)

राव दलीप सिंह : सर्कुलर जारी हुआ हए और टीचर्ज और हैडमास्टर्ज को कहा गया कि तुम्हारा सर्विस रिकार्ड खराब करदिया जाएगा अगर तुमने रुपया इकट्ठा नही किया । पटवारी केलिए दस–दस, पन्द्रह–पन्द्रह हजार रुपए फिक्स कर दिए । हमारे यहां ओलों से भारी नुक्सान हुआ है, अगर उसके पास रुपया मांगने केलिए जाएंगे तो किसान कहां से अदा करेगा, किसान की कैपेसिटी ही नहीं है । इससे तो भ्रष्टाचार फैलेगा औरकुछ नहीं

हो सकता । इतना हैवी टार्गेट जो डिस्ट्रिक्ट लेवल पर रखा है, यह बेबुनियाद है, इसको सरकार किसी तरह कम करे । सरकार ने जो टैक्स लगाए हैं वह साधारण आदमी पर ही लगते हैं । ठीक है, सरकार टैक्स लगाए इसमें गुरेज नहीं, लेकिन सरकार रिलीफ जरूर दे । जैसे गवर्नमैंट इम्पलाईज हें, इनमें भी क्लास फोर हें, जैसे सफाई कर्म चारी हैं इनको कुछ न कुछ रिलीफ मिलना चाहिए । म्युनिसिपल कमेटियों में सफाई कर्मचारी बहुत गन्द उठाते हैं । मैं इस काम को गन्दा नही कहता, सबसे पवित्र काम कहूंगा क्योंकि ये कर्मचारी सारे शहरको पवित्र करते हैं । लेकिन अफसोस की बात है कि सरकार इनको कोई रिलीफ नही देती । इस बजट मे इनको कोई राहत नहीं दी है । गवर्नमैंट एम्पलाईज को जो इन्स्टालमैंट दी है, वह सितम्बर में देनी चाहिए थी लेकिन जनवरी से दी है, यह भी सफाई कर्मचारियों के साथ बड़ा भारी अन्याय है ।

डिप्टी' स्पीकर साहब, सरकार ने बेरोजगारी को दूर करने के लिए लोगों से बड़े–बड़े वायदे किए थे लेकिन आज हम सप्लीमैंटरी डिमांड्क में देखते हैं कि अन एम्प्लायमैंट को दूर करने के लिए कोई खास कदम नहीं उठाए गए । मैं आपकी मारफत सरकार से कहूगा कि पंजाब सरकार ने अनएम्पलायड लोगों को अनएम्पलायमैंट अला0ंस देना आरम्भ कर दिया है । ऐसे बेरोजगार लोगों को जो हरियाणा में रजिस्टर हैं, उनको भी अनएम्पलायमैंट अला0ंस देना चाहिए । डिप्टी स्पीकर साहब, मैने

गवर्नमैंट को एक बिल दिया जिसका मकसद था अन एम्पलायमैंट अलाकंस दे ना तथा एक इन्शयोरैंस स्कीम थी । अगर आप इजाजत दें तो मैं इसको हाउस की टेबल पर लेकर दूगा ।

Mr. Deputy Speaker ; Please send your request and it will be examined If it is permissible, You can lay on the Table of the House.

राव दलीप सिंह : जो बेरोजगार हैं, हैंडीकैप्पड हैं उनको अन एम्पलायमैंट अलाउंस दिया जाना चाहिए....'

चौधरी सतवीर सिंह मलिक : आन ए प्वांयट आफ आर्डर सर, माननीय सदस्य न रैलेवट बोल रहें हैं और न ही डिमाण्ड' बता रहे हैं । जिस तरह से गवर्नर एड्रैस और बजट परडिसकशन होती है वैसे बोल रहे है । आपडिमांड तो बताए कि– कौन सी डिमांड पर बोल रहे हैं?

राव दलीप सिंह : लेबरारेंड अन एम्पलायमैंट की डिमांड नं 1 2 है जिस पर मैं बोल रहा हूं । डिप्टी स्पीकर साहब, मैंने बिल दिया था और उस विल में मैंने प्रार्थना की थी कि मैट्रिकुलेट को 50 रुपए, मैट्रिकुलेट के पर वालों को 7 5 रुपए, डिप्लोमा होल्डज' को 1 25 रुपए, पोस्ट ग्रेजुएट को 1 50 रुपए, इजीनियर और डाक्टर को 200 रुपए अन एम्पलायमैंट अला0ंस दिया जाए । मेरी सबमिशन यह है कि जनता सरकार ने लोगों से वायदे किए थे कि हम बेरोजगारी को दूर करेंगे और अच्छे कदम उठाएंगे । उस बारे में सिर्फ एक स्कीम जारी की हैकि हरी–गले में कुछ

इंडस्ट्रियल यूनिट्स लगाए जाएंगे और उनमें कर्जा दिया जाएगा । ऐसी स्कीम महेन्द्रगढ़ जिले में भी चलाई गई थी लेकिन वहां के लोकल बैक्स इससे सहमत नहीं हुए और कर्जा दैते ही नहीं । किसी को कर्जा नहीं मित्रता । शायद यह स्कीम पेपर पर ही रहे, प्रैक्टिकली कुछ न हो, इससे रोज–गार मिलने की सम्भावना नही है ।

अब थोड़ा सा नेविगेशन के बारे में कहना चाहता हूं । महेन्द्रगढ़ जिला बहुत बैन–वर्ड है और इसमें वहुत बैकवर्ड क्लासिज हैं । हमारी एस्टीमेट कमेटी भी वहां देखने के लिए गई थी । वहां बहुत गरीब लोग है । जवाहर– लाल नेहरू कैनाल पर पिछले साल 14 करोड रुपया खर्च किया गया था लेकिन इस साल औजेन्ट गवर्नमैंट ने साढ़े 12 करोड़ खर्च करने का इरादा कियाहै । बैकवर्ड –एरिया में बजाय इसके कि ज्यादा पैसा दिया जाता उलटा कम कर दिया। यह बड़ी बेइन्साफी है । मेरी सरकार से दरख्वास्त. है कि इस रुपए को और बढ़ाया जाए ।

जहां तक को–आप्रेटिव डिपार्टमैंट का ताल्लुक है, इस पर, डिप्टी स्पीकर साहब, 500 करोड़ रुपए का वर्किंगकैपिटल लगा हुआ है और हरियाणा में इसका– रिकवरी सारे भारत में सबसे क्रूम है । इस डिपार्टमैंट में जो एम्वैजल मैंटस हैं, उनको दूर करने के लिए सही कदम उठाए जाएं ताकि साधारण आदमी कोफायदा पहुंच सके और सरकार की नीति पर अमल हो सके । इसके अलावा मैं सरकार के सामने एक सुझाव रखना चाहूंगा कि

लै.'ड डिवैल्पमैंट बैक और सैन्ट्रल कोमा प्रेटिव बैक, इन दोनों को मिलाकर एक ही बैक बना दिया जाए ताकि किसान को इन अग्र अ गा बैंकों में न जाना पड़े, इससे किसान को बड़ी सहूलियत हो जाएगी । मार्गेजें बैक जो टैक्स लेते हैं वे बड़े हैवी होते हैं । जब प्रॉपटी रहन रखते हैँ तो उसका मार्गेज डीड होता है, रजिस्टर्ड डीड होता है । इस डीड पर 4 परसैन्ट से ज्यादा इन्ट्रस्ट नहीं होना चाहिए, क्योंकि किसान इससे ज्यादा अदा नहीं करसकता । जो आडिट डिपार्टमैंट है वह सब से ज्यादा कमजोर डिपार्टमैंट है, इसकी स्ट्रैथ कम है, इसको जितना मजबूत किया जाए उतना ही स्टेट को फायदा है । अगर आडिट डिपार्टमैंट मजबूत होगा तो एम्बैजलमैंटस नही होंगीं । यह नहीं होना चाहिए कि एम्बैजलमैट हो जाए औरउसके बाद कार्यवाही हो । जहां तक फोडर के रिलीफ का सवाल है, महेन्द्रगढ़ जिले में नारनौल को आज तक फोडर नहीं मिला जबकि यह तीन चार महीने पहले ही मि न जाना चाहिए था. । मैं सरकार से कहूंगा कि फोडर का जल्दी से जल्दी इन्तजाम क्रिया जाए ।

अब मैं डिमांड न. 20 पर बोलूंगा जो फॉरैस्ट के बारे में है । जहां तक वाईल्ड लाईफ का ताल्लुक है हमारे इलाके में नील गाय ने बड़ी तबाही मचाई हुई है । किसान की सारी फसल तबाह कर दी है । मैं सरकार से अर्ज करूंगा कि इस तरफ खास कदम उठाए जाएं । या तो उसको मारने की इजाजत दीं जाए या कोई अलग नरसरी खोलकर उसको कन्फाईन कर 'दिया जाए क्योंकि

नील गाय के झुण्ड के झुण्ड निकलते है और सारी फसल तबाह कर देते हैं । इसलिए या तो उनको मारने की इजाजत दो जाहू या कोई और इन्तजाम किया जाए ।

डिप्टी स्पीकर साहब, जहां तक रोडज और वाटर सप्लाईज स्कीमज कौ सवाल है, इस के बारे में तो मिनिस्टर साहब ने मान लिया है कि महेन्द्रगढ़ के इलाके में न कोई सड़क और न कोई वाटर सप्लाई की स्कीम इए ने का विचार है । लेकिन मैं इनसे कहना चाहता हूं कि उस बैकवर्ड एरिया के साथ इस तरह का सलूक न कीजिए । इधर तो भाखडा और वैस्टर्न जमुना का पानी खेतों को लगता है लेकिन हमारे यहां ऐसी बात नही है । यहां के पशुओं को तो बरसीम आदि खाने को देते हैं लेकिन वहां तूड़ी भी नही मिलती । इसलिए मैं आपके द्वारा सरकार से प्रार्थना करूंगा कि आप हमारे साथ स्टैप मदरली ट्रटिमैंट न करें बल्कि बराबर का समझते हुए डिवैलमैंट का हर काम करने का विचार करें ।

जहां तक लेबर का सवाल है, डिप्टी स्पीकर साहब, आपको पता है कि दादरी में मजदूर पाई दिनों तक भूख हड़ताल पर बैठे रहे । ऐसा ही झगड़ा हिसार टैक्सटाई.ल मिल में चल प्रा है । सोनीपत में तो एक वर्कर मारा भी गया ।

डिप्टी स्पीकर साहब शराब के ठे के पहले ऑक्शन हुआ करते थे लेकिन उस सिस्टम को अब इन्होंने बन्द करदिया है ।

मैंतो यह कहूंगा कि अगर खुली आक्शनं नही हुई तो भ्रष्टा– चार के सिवाए और कोई बात नहीं होगी । पहले ठेके खुले आम होते थे । अब केवल दस बीस ऐप्लीकेशन्ज लेंगे । ऐप्लीकेशन्ज की फीस पांच सौ रुपए रखीं है और वह रिफन्ड भी नहीं होगी । कितने लोग ऐप्लाई करेंगे? बड़े भारी कुरंप्शन के चांसिज हैं । इसलिए मैं सरकार से निवेदन करूंगा कि यह अपने इस फैसले पर दोबारा गौर करे वरना इससे सरकार को भी हानि होगी और भ्रष्टाचार भी फैलेगा ।

उपाध्यक्ष महोदय, इन्होंने फरमाया कि फलैट रेट करेगे । यह बात ठीक है । लेकिन इसमें मैं एक प्रार्थना करना चाहूंगा । महेन्द्रगढ, भिवानी और गुडगांव के इलाके ऐसे हैं जहां पानी बहुत गहरा है और मीटर भी केवल रबी के टाईम में दो तीन महीने के लिए चलते हैं । हिसार और करनाल आदि में जीरी और दूसरी फसलों के लिए भी चलते हैं लेकिन हमारे यहां ऐसा नहीं है इसलिए मेरी यह–प्रार्थना है कि यह फलैट रेट महेन्द्रगढ़, भिवानी और गुड़गांव के लिए बाकी जगहों की बनिस्वत आधा होना चाहिए । (विध्न)

एजुकेशन के बारे में, डिप्टी स्पीकर साहब, में आपकी मारफत कह कहूंगा कि अहीर स्कूल्ज और अहीर कालेजिज के लिए राजनीतिक बदले की भावना से ग्रांट बन्द कर दी गई है । यहबात उचित नहीं है । यही नहीं, सरकार नेएक और निर्णय भी लिया है कि ये काले– जिंज को अपने कन्ट्रोल में लेंगे । डिप्टी

स्पीकर साहब, मैं आपके सामने यह कहूंगी कि वे संस् थाए बड़ी मेहनत से बनाई गई थी और उन संस्थाओं से बहुत लोगों ने फायदा उठाया है । मैं भी इन संस्थाओं का विद्यार्थी रहा हूं । हमने अच्छी तालीम वहां पाई । हमारे जो उस्ताद होते थे वे बड़े अच्छे तरीके से तालीमदे ते थे । इसलिए मैं यह प्रार्थ ना करना चाहता हूं कि ऐसी राजनीतिक बदले की भावना दिल में रखते हुए अगर यह सरकार एजुकेशनल इंस्टीच्यूट्स में दखल देगी, तो एजुकेशन का मयार नीचे गिरेगा । वहां जाना चाहिंए वाईस चांसलर, लेकिन डीपीआई. आफिस से डिप्टी डायरैक्टर जाते हैं या कोई और जाता है और इंस्टीच्यूट्स में दखल अन्दाजी करते हैं । ऐसा नहीं होना चाहिए, क्योंकि वह तो टैम्पल आफ एजुकेशन हें और उनकी डिगनिटी कायम रखी जानी चाहिए ।

डिप्टी स्पीकर साहब, कुछलैक्चरारज अपनी तालीम बढ़ाने के लिए, डाक्टरैट वरने के लिए, इजाजत मांगते हैं लेकिन वह दी नहीं जाती । मैरी यह प्रार्थना है कि उनको इजाजत दे दी जानी चाहिएं ताकि उनको भीइस बात का फायदा. हों और डिपार्टमैंट को भी लाभ हो । इन शब्दों के साथ मैं आपका धन्यवाद करतो हूं ।

श्री देवेन्द्र शर्मा (थानेसर) : डिप्टी स्पीक्र साहब, मैं डिमांड नं 2, 9, 10 और 21 के पर बोलना चाहता हूं । सबसे पहले मैं जनरल एडमिनिस्ट्रेशन की बात करूंगा । इसमें एक बात देखने में आ रही है । लोग परेशान भी है । वह बात यह है कि

जनता सरकार बनने के बाद ट्रांसफर पालिसी के तहत लोगों पर इतने जुलम हो रहे हैं और क्रप्शन दिन प्रतिदिन बढ्ती जा रही है, जिसका कोई हिसाब नही । एक आदमी तो दस–दस साल सेएक जगह बठा हुआ है लेकिन दूसरे आदमी की. एक 'दिन तो एक जगह ट्रांसफर की जाती है लेकिन अगले ही दिन उसे दूसरी जगह फैंक दिया जाता है । अफसरों को गेंद समझा हुआ है । भला आप हीं बताएं कि कर्मचारीगण कैसे काम करेंगे? वे समाज को क्या दे पाएंगे? क्या वे कुछ भला कर पाएंगे? जय प्रकाश नारायण जी ने इस देश में इतना बड़ा आन्दोलन आरम्भ किया और उपाध्यक्ष महोदय आप जानते हैं कि उनका यह मूवमैंट बे सिकली क्रप्शन के विरुद्ध था । मैं भी जे. पी. की ऐन्टी क्रप्शन आन्दोलन की देन हू । इसी. तरह हमारे मु ख्य मन्त्री जी. ने जिस दिन शपथ ली थी तोउन्होंने कहा थाकि 'क्रप्शन बन्द हो, पानी का प्रबन्ध हो' लेकिन क्रपशन कितनी ज्यादा हरियाणा में हो गई है इसका एक ही उदाहरण मैं दे रहा हूं – (विध्न) ।––

राव बीरेन्द्र सिंह : अब तो यह हो गया है कि 'क्रप्शन का प्रबन्ध, पानी बन्द (हंसी)

श्री देवेन्द्र शर्मा : उपाध्यक्ष महोदय, मैं कहे रहा था कि कुछ खास लोगों की प्रमोशन करने के लिए बहुत बडे तबके को इग्नोर किया जाता है । एक आदमी की प्रमोशन क्रने के लिए, किसी खास आदमी की प्रमोशन केलिए बहुत लोगों को इग्नोर

किया जाता है.. (विध्न) पुलिस डिपार्टमैंट में प्रमोशन हुई । मेरे से आप नाम मत पूछे ।

चौधरी संत कंवर : उपाध्यक्ष महोदय, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है । माननीय सदस्य एडमिनिस्ट्रेशन के पर एक बड़ा इल्जाम लगा रहे है । इनको कम से कम कोई कंकरीट एग्जाम्पल देना चाहिए (विध्न) ।

श्री उपाध्यक्ष : आप बैठिए ।

श्री देवेन्द्र शर्मा : डिप्टी स्पीकर साहब, मैं कह चुका हूं कि पुलिस डिपार्टमैंट में एक आदमी की प्रमोशन केलिए कई आदमियों को इग्नोर किया गया । मैं स्पैसिफिक डिपार्टमैंट क नाम लै रहा हूं । अगर मेरी इस बात को कोई चौलेंज. करे, तो मैं फैक्ट्स और फिर्ग्ज दे दूंगा ।

उपाध्यक्ष महोदय इसके बाद मैं यह अर्ज करना चाहता हूं कि मुझे मालूम हुआ है कि हमारी सरकार डिस्ट्रिक्ट्स री–आर्गेनाइजेशन के बारे में कुछ विचार कर रही. है । कुछ और नए जिले बनाए जाने की प्रपोजल है । लेकिन मैं तो यह कहना चाहता हूं कि सोनीपत, सिरसा और कुरुक्षेत्र जो नए जिले बने हैं, उन जिलों की डिवैल्पमैंट की तरफ ही पूरा ध्यान नही दिया जाता । मेरे जिले में न तो पुलिस लाईन है, जिससे 24 घंटे काम लेने की बात है, न मैडिकल फैसेलिटीज हैं, न आफिसर्ज के रहने का इन्तजाम हैऔर नऔर पूरी सहूलियतें आज तक हम दे पाए हैं ।

भला आप ही बताएं कि अच्छे आफिसर्ज वहां क्यों जाएंगे जब वही उनको पूरी सहूलियते ही न हों? वे कैसे जिले की तरक्की के बारे में सोचेंगे और कैसे अच्छे काम करेंगे और क्या वे समाज का भला कर पाएंगे?

अगली बात, डिप्टी स्पीकर साहब., मैं एजुकेशन की करूंगा । यह डिमांड नं. 9 है । डिप्टी स्पीकर साहब, मैंने बहुत पहले एजुकेशन के मसले को लेकर अपनी सरकार से यह सवाल उठाया था कि हरियाणा में हरिजन कल्याण निगम है, सोशल वैल्फेयर बॉडी है, और तरह–तरह की वैलफेयर बॉडीज हैलेकिन स्टेट लेवल भर कोई स्टूडैन्ट वैलफेयर बॉडी नही है । मेरी–इस रिक्वैस्ट केबाद एक सब कमेटी बनाई गई लेकिन मैं समझता हूं मिय वह कमेटी स्टू– डैन्ट वैलफेयर से कोई वास्ता नहीं रखती । डिप्टी स्पीकर साहब, जिन लोगों ने पहली सरकार से लड़ाई लड़ी और उस राज को उखा डू फैका –फिर हमें इस काबिल बनाया कि हम जनता पर राज करें, उनको अगर आज भी' इग्नोर किया जाता है तो यह अच्छी बात नही । यह बात ज्यादा दिन तक नही चलनी चाहिए वरना स्टूडैन्ट्स कम्युनिटी के साथ बहुत बड़ा अन्याय होगा ।

उपाध्यक्ष महोदय, अभी राव साहब ने एजुकेशनल इंस्टीच्यूशन्ज का जिक्र किया । उन्होंने कहा कि वे अहीर कालेज के स्टूडैन्ट रहे है । मैं भी अपनी कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी का यहां जिक्र करना चाहता हूं जिसका मैं स्टूडैन्ट रहा हूं और आज भी

स्टूडैन्ट हूं । उस यूनिवर्सिटी कों इस कदर इग्नोर किया जा रहा है जिसका कोई हिसाब नहीं । वाईस चांसलर के बारे में मैं कई बार अखबारों में दे चुका हू, चीफ मिनिस्टर साहब से पर्सनली मिल चुका हूं, गवर्नर साहब को लैटर लिख चुका हू लेकिन अभी तक उस यूनिवर्सिटी का बाईस चांसलर नही लगाया गया । मैंने काल अटैन्शन मोशन भी दिया था लेंकिन वह भी ऐडमिट नहीं हुआ । इतना गदर आज यूनिवर्सिटी में हो रहा है जिसका कोई हिसाब नही । वहां न तो एकेडैमिक एटमांसफियर है, न ठीक से पढाई चल रही है और न ही कोई सही तरीके से काम हो रहा है । इसके अलावा प्रो–वाईस–चांसजर, रजिस्ट्रार, अकाउट्स आ फिसर और दूसरे जे'।. औफिसर्ज हैं, वे एड–हॉक एप्वायंटमैंट पर हैं, वे सब पूरा काम नहीं कर सकते । यही बात नही, उपाधयक्ष महोदय, हरियाणा में जितनी भी यूनिवर्सिटीज हैं, उनमें आ फ– तक वाईस चांसलर्ज एक खास तरीके से अप्वांयट किए जाते रहे हैं । उभेंको अप्वांयटमैंट का अब कोई अलग तरीका हे (ना चा हिए । वाईस चांसलर एंड रजिस्ट्रार को अप्वायटमैंट के लिए पैनल सैट होता है, फिर उसमें तीन नाम दिए जाते हैं, इनमें से ही लगाया जाता है । (विध्न) इसलिए मेरी अपनी' सरकार से यह गुफारिश है कि वाईस चांसलर की अप्वंत्यंटमैंट जल्दी से जल्दी की जानी चाहिए । उपाध्यक्ष महोदय, आज तक हरियाणा, पंजाब, दिल्ली और हिमाचल प्रदेश में कोई भी बाईस– चांसलर शिडयूल्ड का स्ट्स और बैकवर्ड क्लासिज में से नही लिया गया है इसलिए मेरा सुझाव है कि इस बा र वाईस चांसलर उनमें से लिए जाए और यह

अप्वांयटमैंट प्योरलो ऐकेडैमिक बेसिज पर होनो चाहिए, कोई राजनैतिक आदमी वहां नही भेजा जाना चाहिए । मैं बड़ अरब से दर– ख्वास्त करता हूं कि अगर वहां कोई 'राजनैतिक आ दबा चला गया तो वहां की पढ़ाई का एटमासफियर खराब हों जाएगा । उपाध्यक्ष महोदय, हम करैक्टर बिल्डिग की बात करते हैं, हम मौरल स्टैण्डर्ड को रेज करने की बात करते है, स्टैण्डर्ड आफ जजमैंट 'की बात करते हैं लेकिन इनमें से कोई भी बात नही हे.।. सकेगी जब तक हम यूनिवर्सिटीज में रिफार्म की बात नहीं करे गे । हमारे यहां एक छोटीसी बॉडी. बनी हुई है– एजुकेशन एडवाईजरी बॉडी, लेकिन इस एजुकेशन एडवाईजरो बॉडी का कोई फायदा नही है क्योंकि इसके सुझावों पर कोई अमल नहीं किया जाता । मैं भी उसका मैंबर हूं । मैंने उसमें कुछ सुजैशन्ज दी थीं । वे मान तो ली गई और सबने उनकी तारीफ की और कहा विय बड़ी मेहनत से लिखा गया है लेकिन कहा गय–। कि उन्हें लागू नहीं कर पाएंगे. क्योंकि पैसा नहीं है । प्लानिंग इस किस्म की है कि एजुकेशन पर पूरा पैसा नहीं लगाया जा रहा है । इसालिए मैं दरख्वास्त करूंगा कि आज प्लानिंग इस किस्म से की जाए जिससे ज्यादा से ज्यादा रिफार्म एजुकेशन में किया जा स.के । मैं तो यह भी दरख्बास्त करूंगा कि एक हाई पावर्ड एजुकेशन बॉडी– यह). बनाई जाए । जिसके सुझावों पर अमल किया जाए । उसके दिए हुए सुझावों पर अमल न किया जाए तों उसका कोई लाभ नही है ।

एजुकेशन के बारे में कुछ नए सुझाव देना चाहता हूं और पहले भी दूसरे सुझाव दिए थे । स्कालरशिप के बारे में कुछ सुझाव हाउस के सम्मुख रखना चाहता हूं । प्राइमरी, सैकिन्डसे और हायर एजुकेशन के लिए खो–पैसा रखा गया है उसमें यह नही बता या गया कि प्राइमरी को कितना पैसा दिया जाएगा, सैकिण्डरी एजुकेशन को कितना दिया जाएगा और हा बर एजुकेशन को कितना दिया जाएगा. । कोई रेशे'। नहीं रखी गई है । निश्चित अनुपात नहीं रखा गया है कि कितना–कितना पैसा कहां पर खर्च होगा, कुछ नही बताया गया ।

इसी प्रकार से जब मैंने पेज 97 से 1 00 तक के'।' पढ़ा तो उसकों पडने से मालूम हुआ कि एडमिनिस्टेरशन और डायरैक्शन पर ज्यादा खर्चा किया जाता है, पढाई का प्रबन्ध करने के लिए पूरा पैसा खर्च नहीं किया जाता है । दूसरी चीज' जे । मैं कहना चाहता था कि स्कालर– शिप मैरिट बेसड नहीं होना चाहिए बल्कि नीड बेसड होना चाहिए । स्कालरशिप उन लोगों के'? दिए जाए जिनको जरूरत है । जरूरतमन्द लोगों को पैसा मिलना चा हिए । मैं राक उदाहरण देना चाहता हू कि आमतौर पर मैरिट में वे लोग आते हैं जिनके माता–पिता की ओर से पूर्ण रूप से सहुंलियते मुहैया की जाती है । देहातों से किसान के बच्चे मैरिट में नहीं आ सकते । उनको न किसी प्रोफैशनल कोर्स में एडमिशन ही मिलता है और न ही किसी. कम्पीटीशन में आ सकते हैं । अगर गरीब बच्चे को स्कालरशिप से इग्नोर किया जाएगा तो

वह आगे पढ़ नहीं सकता । इसलिए मेरी रिक्वैस्ट है कि स्कालर–शिप नीड बेसिज पर हो न कि मैरिट बेसिज पर हो ।

अब मै स्पोर्टस के विषय में कुछ अर्ज करना चाहता हूं.. ...

डाक्टर इज मोहन गुप्ता : आन ए प्वांयट आफ अर। र्डर, सर । यह जो उन्होंने कहा किं बेसिज पर स्कालरशिप होना चाहिए, यह ठीक नहीं है । अगर मैरिट बेसिज पर स्कालर– शिप नही दिया जाएगा तों लोग डिस्केज होंगे, मौरट दे सिफ. पर होगा तो इन्क्रेज होंगे । यह कहना कि गरीब आदमियों के बच्चे मैरिट पर नहीं आते हैं, यह गलत बात है ।

श्री उपाध्यक्ष : आप बीच में न बोले, आपके समय दिया जाएगा तब इस विषय से बोलना ।

श्री देवेन्द्र शर्मा : डाक्टर साहब गलत समझ गए हैं । वे इस बात को गौर से समझें । मैं स्टूडैन्ट हू, मैं जानता हूं । आप भी स्टूडैन्ट थे लेकिन बहुत दिन हे'।' गए हैं । अब आप उन बा तों को भूल गए हे. । डाक्टर साहब मैं गांव. का रहने वाला हू, मुझे पता है । मेरा शू आउट अच्छा कैरियर रहा है । इसलिए मैं कह रहा था कि सोटैस को इग्नोर किया जा रहा है । उसको ड्यू एम्फेसिज नही दिया जा रहा है । किसी नौकरी में या किसी' प्रोफैशनल कोर्स में कोई वेटेज नहीं दिया जा रहा हैं । हिसार में स्पोर्ट कालेज चालू किया है । वह किस लैवल से चल रहा है, उस

पर हमारी सरकार गौर नहीं कर पा ई है । हमारे यहां कुरुक्षेत्र यूनिवर्सिटी में स्पोर्ट डिपार्टमैंट अलग से है । वहां पर हैड आफ दी डिपार्टमैंट का क्या हाल है? अगर हम एजुकेशन मिनिस्टर से बा त करते हैं तो वे कहते हैं कि यूनिवर्सिटी हमारे अधिकार में नहीं है । मैं यह जानना चाहता हूं कि वह किसके अधिकार में है? वहां पर किस के अधिकार लागू होगे । यदि वहां पर बाईस चांसलर लगाना हो तो गवर्नमैंट की मर्जी के बिना लगता ही नहीं है । यूनिवर्सिटी में सुधार करने की बात की जाए तो कहते हैं कि हमारे बस की बात नहीं है । तो वहां पर किस ने सुधार करना है । सरकार को इस बारे में विचार करना चाहिए ।

इसी प्रकार से जहां तक टैक्नीकल एजुकेशन का सम्बन्ध है उस बारे में जो काम करना चाहिए वह हम पूरा नहीं कर पा रहे हैं । जब आप औरिएंटिड एजुकेशन की बात करते हैं, उसकी ओर भी कोई ध्यान नही– दिया जाता है । इस पर कोई प्लान नही बनाई गई । हमारे यहां टैक्नीकल रीजनल इंजीनियरिंग कालेज हैं, मैं समझता हू उनकी अभी तक हम पांच परसैन्ट भी समस्या का समा धान नही' कर पा ए हैं । वहां पर प्रोफैसर, स्टूडैन्ट्स, नान–टीचिंग स्टाफ या क्लास फोर्थ एम्पलाईज जो. हैं, वे सब के सब दुखी हैं । मैं दावे के साथ कह सकता हू कि वे लोग परेश। न हैं । मुझें वहां की एक एक बात वय। पता है, वहां पर बड़ी भारी दिक्कतें हैं, उनकी समस्याओं को पांच परसैन्ट भी हम आज तक हल नहीं कर पाए हैं ।

इसी प्रकार से नीलोखेडी के अन्दर आईटी आई. टी. आई. वहां पर बैटर एडमिनिस्ट्रेशन नहीं है, नही बैटर टीचिंग का इन्तजाम है । मेरी दरख्वास्त है कि बैटर एडमिनिस्ट्रेशन और बैटर टीचिंग के लिए प्रबन्ध किया जाए ।

सबसे बड़ी बात एक और कहने जा रहा हूं । स्टूडैन्ट्स पर बड़े इल्जाम लगाए जाते हैं कि वे वायलैन्ट हो जाते हैं मगर आज तक किसी ने कारण नही सोचा है कि वे क्यों वायलैन्ट हैं? ऐसे हालात क्यों पैदा होते हैं । ये उल्टा सुल्टा करने के लिए बेबस क्यों होते हैं? वे सब इसलिए करते हैं कि उनको सोशल जस्टिस पूरा नहीं मिलता है । जौब ओरिएंटिड एजु– केशन हम आज तक नहीं दे पा ए है और न ही कोई स्कीम बना पाए है । एजुकेशन इस किस्म की हो जिसका समाज की आवश्यकताओं से ताल्लुक हो, समाज की डे–टू–डे लाइफ से कुनैक्शन हो । एजुकेशन में मोरल एथिक्स पर अधिक जोर दे कर नही चलेगे तो उसका कोई लाभ नहीं हो पाएगा । स्टैण्डर्ड आफ जजमैंट और करैक्टर पर जितना हम ज्यादा जोर देंगे उतनी ही हमारे आगे आने वाली पीढिया आगे बढ़ पाएगी । अभी पिछले दिनों जब केन्द्रीय एजुकेशन मिनिस्टर श्री पी.सी. चुन्दर ने बनारस हिन्दू यूनिवर्सिटी में ऐलान किया कि 60 परसैन्ट से ज्यादा मार्क्स लेने वाले स्टूडैन्ट्स के एजुकेशन डिर्पाटमैंट 250 रुपए तक स्कालरशिप देगा परन्तु हम। री सरकार ने ऐसा कोई निर्णय नहीं लिया है, और न ही कोई विचार किया है उनको लेन। चाहिए । हमारे यहां

पर स्टूडैन्ट्स कों इग्नोर किया जा रहा है । हमारी सरकार को इस बात पर गौर करना चाहिए । पंजाब और बंगाल में अन एम्पलायमैंट की कुछ बात की है चा हे उन्होंने कोई कमीशन बनाया या किसी किस्म की बात सोच रहे है लेकिन हमारे बजट में अन एम्पलायमैंट को खत्म करने की कोई बात नहीं सोची गई है । अन एम्पलायमैंट के बारे में कोई भी एनक्रेजिंग प्लान नहीं है ।

इसी प्रकार से टैन पलस टू के फार्मूला के बारे में बजट में कहा गया है । उसके बारे में हमारी सरकार आगे क्या कदम उठाएगी और वे कही–कहां पर खोले जा रहे हैं इसका कोई जिक्र नहीं है । आगे सरकार क्या करेगी कुछ भी पता नहीं लगता है ।

अब मैं थोड़ा सा हैल्थ डिपार्टमैंट के बारे में अर्ज करना चाहता हूं । हरियाणा और पंजाब देश के अन्दर पर कैपिटा इनकम के हिसाब से सब से आगे हैं । पहले नम्बर पर पंजाब है पौर दूसरे नम्बर पर हरियाणा आता है लेकिन हरियाणा के अन्दर हैल्थ और मैडिकल की बुरी हालत है । हरियाणा में कुल खर्च पिछले साल 1 1 5 परसैन्ट था, परन्तु इस बार इसके। बढ़ा कर 14. 3 परसैन्ट कर दिया मगर मैडिकल पर पिछले साल 27. 6 परसैन्ट खर्च किया और इस साल 1 5 6 परसैन्ट होगा । पहले से मैडिकल और हैल्थ पर खर्चा कम करना शुरू कर दिया है । डिप्टी स्पीकर साहब, हरियाणा में प्राइमरी हैल्थ सैन्टर, सब सैन्टर की संख्या दो हजार आदमियों परएक है जब कि मद्रास औंर

महाराष्ट्र हरियाणा से बहुत आगे हैं । इण्डिया की एवरेज बारह हजार है और पंजाब तो इससे भी आगे है । हमारे यहां हरियाणा में एक लाख आदमियों केलिए एक बिस्तर कीव्यवस्था है । यह देश में बहुत नीचे है । बिहार और आसाम प्रान्त को छोड्कर सभी स्टेट्स से नीचे है ।

इसी तरह से सोशल वैलफेयर और कम्युनिटी सर्विसिज की बा त है । पिछले साल 13. 3 परसैन्ट रुपया–सामाजिक और सामुदायिक सेवाओं पर खर्च किया गया था परन्तु इस बार घटा कर 9. 6 परसैन्ट किया गया है । डिप्टी स्पीकर साहब जिन को हम यहां पर बार–बार पिछड़ी जातियां कहते हैं, वे हमारी समाज की रीढ की हड्डी हैं । जनता पार्टी भी उनको रीड की हड्डी मान कर चली है मगर उनके। क्यों इग्नोर किधा जा रहा है, उनकी ओर कोई खसरू छगन क्यों नही दिया जा रहा है? उनके'। पर उठाने के लिए कोई खास कदम क्यों नहीं उठाए जा रहे हैं? इस दृष्टि से हमारा राज्य काफी पीछे होता जा रहा है । इसी तरह से डिप्टी स्पीकर साहब, इरीगेशन और इलैक्ट्रिसिटी की बात है । मैं समझता हूं कि इरीगेशन और इलैक्ट्रिसिटी इकौनोमीकल बेसिज पर चलते हैं, कमर्शियल बेसिज पर चलते हैं । अगर उनमें घाटा है, तो मैं समझता हूं कि जो रेट स्ट्रक्चर हैं वह इकौनोमिकल प्रिंसिपल्ज पर आधारित नहीं है ।

सिंचाई तथा बिजली मंत्री (श्री वीरेन्द्र सिंह) : पानी तो कमर्शियल बेसिज पर नहीं देते हैं ।

श्री देवेन्द्र शर्मा : बिजली तो देते होंगे । मान लो अगर एक यूनिट बिजली हम 1 5 पैसे में पैदा कर रहे हैं, तो किसी जगह पर हम इसे 20 पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से देने लग रहे हैं तो किसी जगह पर हम 4पैसे प्रति यूनिट के हिसाब से देने लग रहे हैं । ऐसा नहीं होना चाहिए । यह गड़बड़ क्रूब तक चलेगी । यह बात मैं देहात के लिए कह रहा हूं । देहात की बात आज भी की जा रही है । आज इनएफीशिएंट मैनेजमैंट है । उसमें भी आज कई बार गड़बड पैदा हो जाती है । लेबर प्रॉबलम कई बार पैदा हो जाती है । वहाँ पर उस समस्या को सुलझाने की कोई कोशिश नही की जाती', ताकि पहले ही स्थिति को संभाल– लिया जए । जब तक कहीं हडताल नहीं हो जाती तब तक मामला सुलझाने की कोशिश नहीं की जाती । अप्वांयटमैंट के बारे में तो मैं समझता हूं कि आजकल भी उसी तरह सेही चल रहा है जिस तरह से पहले राज में चल रहा था । इनकम्पीटैन्ट और इनएफीशिएंट आदमी अम्पायट ए जा रहे हैं । पहले भी ऐसे ही आदमियों को अप्वांयट किया जाता रहा है । इसकी वजह से काम में सुधार होने की बजाय, यहांपर बड़े पैमाने पर नुक्सान हो रहा है । यही नहीं, वहां पर एक और दिक्कत है । जो वार्न आउट मशीनरी है, जिसमें तारे' आती हैं और जनरेटर वगैरा आते है, वहां पर रेट स्ट्रक्चर की वजह सेऔर घाटा होने की वजह से यह नहीं बदली जा सकती । जनरेटर हम नए नहीं दे पाते क्योकि पहले ही घाटा हो रहा हे । इससे फैक्ट्रियों में, दफतरों में काम करने वाले लोगों और किसानों को बहुत नुक्सान हो रहा है । मेरा सुझाव है इस

बारे में सख्त से सख्त कदम उठाए जाने चाहिए । बिजली की कई जगह चोरी होती है । मीटरों को कई बार पीछे घुमा ेएते है और नई बार तारे' सीधी डालकर डायरैक्ट कुनैक्शन से बिजली की चोरी करते है । अतः मेरी सरकार से यह प्रार्थना है कि इस तरफ खास ध्यान दिया जाना चाहिए । इन्ही आईटमज पर मैंने बोलना था । धन्यवाद ।

चौधरी गंगा राम : (गोहाना) माननीय डिप्टी स्पीकर साहब, मैं डिमाण्ड न. 4 पर बोलना चाहता हूं । डिमाण्ड नं 4 में रेवैन्यू आता है । मोटे तौर पर इसमें तीन चीजे आती हैं । नम्बर एक पटवारी आता है । नम्बर दो हमारी फर्द आती है जिसमे खसरा गिरदावरी और जमाबन्दी की फर्द शामिल है । नम्बर 3 पर इसमें किसान आता है । मैं इस डिमान्ड पर एक दो बातें ही कहना चाहूंगा । आज किसान को सबसे ज्यादा परेशान अगर कोई मसला कर रहा है तो वह फर्द लेने वाला मसला है । इस मामले में पटवारी आता है । इसलिए मैं सरकार के सामने एक सुझाव रखुगा कि सभी जामें–तें हैं कि किसान जिस समय अपनी फर्द लेने केलिए पटवारी के पास जाता है तो असल में पटवारी किसी को भी मिलता ही नही । दो दो महीने हो जाते हैं । कोई पटवारी गांव के अन्दर रहता ही नही । सभी पटवारी जो हैं, अपने गांव को, अपनी डयूटी के स्थान को छोड्कर इधर–उधर शहरों में फिरते रहते हैं । इसके अलावा किसान बेचारे को यह पता ही नहीं होता कि 5 किल्ले की फर्द लेनी है तो उसके दाम उसने 5 रुपए

देने हैं या 400 रुपए देना है । आजकल सरकार ने किसान को पटवारी की मन मर्जी पर पटवारी के रहम पर छोड़ रखा है । मैं सरकार से यह कहना चाहूंगा जैसा कि आप जानते है किं अदालत के अन्दर जब एक फैसला होता है तो उस फैसले की नकल लेनी होती है तो किसान उस नकल को लेने के लिए एक फार्म भरता है उस पर टिकट लगता है प्रैसकाइब्ड फीस का टिकट लगाता है और उसको नकल मिल जाती है । इसी तरह से मैं यह चाहूंगा कि चाहे किसी तरीके से हमें करना पड़ूं हमयह कर दें कि किसान को जिस कित्ते को फर्द लेनी हो, जितनी जमीन की फर्द लेनी हो, उसका एक फार्म भर कर तहसीलदार के पास दे आए । तहसीलदार जो है उसी टाइम पर किसान को यह बता दे कि इतने किल्ले पर इस हिसाब से इतने रुपए फीस लगेगी । वहां पर वह किसान तहसीलदार के पास रुपए दे आए और उसकी उसके पास रसीद दे दी जाए । तहसीलदार साहब उसे यह बता दें कि 15 दिन के बाद फला दिन को आना और फिर फर्द ले जाना । इस दौरान में किसान. अपने खेत मं जाकर काम करे । तहसीलदार जो है पटवारियों को अपनी कोर्ट के अदर बुला. ले और वहा पर जितनी नकलों के जिए दरख्रास्तें आई हैं, वह सारी फर्दे पटवारी तैयार कर ले और जब वह मुकर्रर डेट को आए तो उसको फर्द पकड़ा दी जाए । डिप्टी स्पीकर साहब, इस तरह से मैं समझता हूंकि किसान की जो लूट होती है, उससे उसे बचाया जा सकता है । मैं यह समझता हूं कि जो मैंनेबताया है, वह सिस्टम लागू किया जाना चाहिए । इसके अलावाइरीगेशन के

मामले में मैं आपके सामने कुछेक बाते रखूंगा । मैंने कई सवाल भी पूछे थे । यह डिमान्ड नं 1 5 है । मैंने यह बात कई बार पूछी है कि यह मान लो कि एक टेल पर 100 किल्ले है । यह रूल के अन्दर लिखा हुआ है कि किसान वाटर चार्जिज तभी दे ने का अधिकारो होगा जब साल के अन्दर उसकी एक फसल को तीन पानी मिल जाएं । लेकिन आज हरियाणा के अन्दर हो क्या रहा है? एक मोरी के पर 100 किल्ले है और उस मोरी में सारा साल जितना पानी आया है, अगर उसकी माता को लें और तीन पानी देने के तहत कितने पानी आएं, उसकी बात को लें तो आपको यह सुनकर बड़ी हैरानगी होगी कि एक किसान आज जो 50 प्रतिशत वाटर टैक्स दे रहा है, वह वगैर पानी आए ही दे रहा है । कोई पानी उसको नहीं मिलता लेकिन फिर भी वहं वाटर टैक्स देने लग रहा है । तो मैं अपनी सरकार से यह कहूंगा क्योंकि यह किसानों की सरकार है, देहातियों की सरकार है, कि यह जो पुराना डिफैक्ट है, यह जो पुरानी गलती है, इसको सरकार दूर करे । मैं यहं भी निवेदन करना चाहता हूं कि सरकार अपने पटवा–रियो की मारफत सेपूरी तरह से यहँ अन्दाजा लगाए कि साल के अन्दर कितना पानी आता है और यह तीन बार पानी देने में यह पानी कितना एरिया. इरी ओट कर सकता– था । मेरे विचार में उतने एरिया से ही वाटर चार्ज लिया जाना चाहिए । इसके अलावा आज वही पुराना धक्का किसान के साथ चल रहा है । आज भी आप किसी गांव के अन्दर चले जाइए । सबसे पहली जो शिकायत आपको मिलेगी वह मोघों के बारे में होगी । जो शिकायत मिलती

है वह यह मिलती है कि ओवरसीयर साहब जो हैं, यह किसान के मोवों को कभी तोसीमेंट लगाकर छोटा कर देते हैं तो कभी जब उसे 500, 800 या 1000 रुपए मिल जाते हैं तो सीमेंट हटा देते हैं । लेकिन दो तीन महीने के बाद फिर सीमेंट लगा देते हैं । अगर किसी किसान को, किसी गांव को यह 'बिल्कुल ही पता न हो कि हमारे मोवों की लम्बाई चौड़ाई महकमों की तरफ से कितनी मन्जूर है, तो आप ही सोचिए कि वह ओवरसीयर के रहमो–कर्म पर ही तो जीएगा । तो मैं सरकार से यह कहना चाहूंगा कि गांव के अन्दर किसान को यह पता होना चाहिए कि मोघे जो महकमा की तरफ से हैं, इनकी लम्बाई चौड़ाई इतनी होगी क्योंकि उस बेचारे को पता ही नहीं । वह पानी घट जाए तो ओवरसीयर से कहता है । ओवरसीयर यह कह देता है कि महकमे ने पर से ही घट कर दिया । इस तरह से इस समस्या का हल नहीं हो सकता कि जब तो उसकी जेब. गर्म हो जाए फिर तो मोघे चौड़े हो जाए' और न दे तो बन्द हो जाए । मैं आज सरकार को यह बताना चाहता हूं कि किसान के साथ जो लूट हो रही है, उसमें कोई भी फर्क नही आया है । मैं यह चाहता हूं कि उसे इस लूट से बचाने के लिए कुछ एलीमैंट्री चीजे, कुछ मोटी–मोटी चीजें बता दी जाएं तो बेहतर होगा । इसके अलावा मैं एजुकेशन के बारे कहना चाहूंगा । आज हरियाणा में एजुकेशन के पर खर्च कितना हो रहा है, मैं अगर एजुकेशन मिनिस्टर साहब से यह पूछू कि मुझे यह बताया जाए कि प्राइमरी एजुकेशन, जो देहात का बसे है, देहात की. रीढ़ की हड्डी है, उसके पर टोटल एजूकेशन पर जितना पैसा खर्च हो

रहा है, उसका कितना प्र तिशत है । मैं दावे के साथ यह कहता हूं कि जित्तना एजुकेशन के पर बजट रखा हुआ है, उसका 50 प्रतिशत हिस्सा हमारे हरियाणा की दो यूनिवर्सिटीज खा जाती हैं जहां पर मुश्किल से 1 5–2 0 प्रतिशत लड़के हमारे देहातों के पढते है । मैं हैरान हो गया जब मैं यूनिवर्सिटीज में जाकर देखता हूं कि वाईस चांसलर की साढ़े तीन लाख रुपए की कोठी है । रजिस्ट्रार, मैडिकल कालेज और विगतने वहां पर डाक्टर हैं, उनकी एक एक कोठी पर तीन तीन लाख रुपया खर्च हुआ है । 80 हजार रुपए कोठी की फर्निशिंग के पर खर्च हुए हैं । तो आप हमें बताएं कि स्कूल हमारे जो देहातों में टूटे पड़े हैं, सारे फ्लड की वजह से बरबाद होकर गिर पड़े हैं, उनकेलिए हमें पैसा इतना कम दिया जा रहा हैकि उससे हमारी स्कूलों की रिपेयर भी नहीं हो सकती । इसके अलावा, गांव वाले बिल्डिग खड़ी करके दे रहे हैं, पैसा हम दे रहे हैं, जमीन हम दे रहे हैं, आप हैरान होंगे यह सुनकर कि पिनाना एक गांव है, वहां पर साढ़े चार लाख रुपया लगाकर एक बिल्डिग खड़ी करके दी और उसके साथ–साथ सात एकड़ जमीन है, अस्पताल बना रखा है, वैटरनरी अस्पताल बनाया है, डिस्पैसरी बनाई है और साढ़े चार लाख रुपया लगाया है लेकिन सब कुछ फेल हो चुका है । बिल्डिंग में रेह लगनी शुरू हो गई है, पानी लगना शुरू हो गया है । देहात के अन्दर न अस्पताल मिला है न डिस्पैसरी वहां पहुंची है और न वैटरनरी अस्पताल वहां खोला जा रहा है । वहां पर सात लाख रुपया खर्च किया गया लेकिन ये लोग शहरों के अन्दर अस्पताल खोलते जाते हैं । मैं पूछना चाहता

हूं कि क्या देहात के अन्दर आज तक कोई मैटरनिटी हाउस खोला गया । क्या देहात और गांव के अन्दर बच्चे पैदा नही होते । (व्यवधान) । मैं आपके सामने यह कहना चाहूंगा कि पिछले तीस साल में देहात को बरबाद किया गया, देहात को निगलैक्ट किया गया, किसान को नुक्सान पहुंचाया गया । आज जो भी हैवी इंडस्ट्री लगाई जाती है वह शहर के अन्दर लगाई जाती है लेकिन जो किसान छ महीने तक बैठकर मक्खियां मारता है, कोई कमाई नहीं करता, कभी पानी आ जाता है, ओले पड़ जाते हैं, वह सिर्फ चार महीने ही काम करता है उसके लिए आज तक किसी सरकार ने कोई धन्धा नहीं दिया । इसलिए मैं सरकार से प्रार्थना करूंगा कि एम्पलायमैंट के मैक्सिमम चांसिज रूरल एरियाज को होने चाहिएं । देहात को ज्यादा से ज्यादा चांसिज होने चाहिए आज कोई भी कम्पीटीशन हो उसके अन्दर देहात के लड़के ठहर नही पाते । देहात के लड़के आईएएस. और एच.सी.एस. नहीं बन पाते । इस सोशलिस्ट राज्य के अन्दर, डैमोक्रेसी के अन्दर एक तरफ पब्लिक स्कूल चलते हैं, जिनके अन्दर पांच सौ रुपया फीस देकर लड़के पढते हैं, छ बार डैरस चेंज करते है । मोटर के अन्दर जाते हैं और दूसरी तरफ गांवों के लड़के है । बैठने के लिए टाट नही हैं, मास्टर नहीं है, खाने के लिए रोटी नहीं है, पहनने के लिए कपड़े नही है और जिस वक्त ये लड़के बीए. पास करके उन पब्लिक स्कूल्ज के लड़कों केमुकाबले में आईएएस. और एच.सी. एस. के कम्पीटीशन में बैठते हैं तो पीछे रह जाते हैं । मेरा कहना है कि उस कम्पीटीशन के अन्दर प्रैक्टीकल टैस्ट के लिए तीन–

सौ मार्क्स रखे जाने चाहिएं । हल चलाने का गेहूं काटने का, दूध निकालने का, टैरक्टर चलाने का इन सब चीजों का कम्पीटीशन होना चाहिए । फिर देखना चाहिए कि देहात के लड़के कहां आते हैं । इसलिए मैं यहां पर साफ तौर पर कहना चाहता हूं कि हमारे साथ अन्याय होता रहा है, यह चीज मैं कोई मजाक के तौर पर नही कह रहा हूं । मुझे चौधरी छोटू राम के शब्द याद हैं । उन्होंने कहा था कि असली राज्य तो सैक्रेटेरिएट के पंखों के नीचे बैठता है लेकनि इस देहात के मुश्किल. से चार परसैन्ट लोग पंखों के नीचे बैठते है । पिछले तीस साल में बजट का सारा. पैसा शहरों पर खर्च किया जाता रहा है । मैं कहना चाहता हूं कि अगर देहात को पर उठाना हे तो 90 प्रतिशत पैसा देहात पर खर्च करना पड़ेगा । इसके अलावा मैं यह भी कहना चहता है कि जहां तक एनीमल हस्बैडरी का सवाल है देहात के अन्दर किसान का सबसे बड़ा धन जो है, वह पशु है, लेकिन आप सब यहां बैठे हैं, आज हालत यह है कि बारह–बारह गांवों के बीच में एक भी एनीमल हस्बैडरी का. अस्पताल नहीं है । अगर किसान की एक भैस भी मर जाए तो उसका चार पांच हजार का नुक्सान हो जाता है लेकिन उसका इंश्योरैसं नहीं है, उसक कोई कम्पनसेशन नहीं है । इसलिए मेरा कहना यह है कि किसान की फसल का इंश्योरैस होना चाहिए । किसान के पशु का इंश्योरैस होना चाहिए । जब एक कारखाने का, एक फैक्ट्री का इश्योरैस किया जाता है ओर अगर कोई नुक्सान हो जाता है, आग लग जाती है तो पैसा लिया जाता है लेकिन– किसान की फसल को ओले से नुक्सान हो जाए,

बाढ़ से नुक्सान. हो जाए, लेकिन उसको कोई कम्पनसेशन नहीं मिलता । इसलिए मैं सरकार से कहना चाहता हूं कि किसान को किसी आइटम का तो मुआवजा मिलना चाहिए, उसका इशयोरस होना चाहिए ।

किसान के साथ एक और अन्याय हो रहा है । हम लोग बैकों से कर्जा लेते है, टयूबवैल. के लिए कर्जा लेते हैं, टैरक्टर के लिए कर्जा लेते हैं, सीमेंट के रिनए कर्जा लेते हैं खाद के लिए कर्जा लेते हैं, और हमारे से 17 रुपया सैकडं का ब्याज. लिया जाता है और दूसरी तरफ अगर किसान के गेहूं का भाव गिर जाए, गुड़ का भाव गिर जाए, उसका भाव पूरा नही किया जाता, लेकिन दूसरी तरफ बिरला, टाटा, डालमिया के जो कारखाने हैं और उनके अन्दर जो चीज पैदा होती है और अगर उस चीज के पैदा करने में 250 रुपया खर्च आता है लेकिन वर्ल्ड माकीट में उसका भाव सौ रुपया या एक सौ पचास रुपया है तो इस बीच के नुक्सान. को सरकार बर्दाश्त करती है, लेकिन किसान के अनाज. का भाव अगर गिर जाए, गुड़ के भाव गिर जाए, तो उसके नुक्सान को कोई बर्दाश्त नहीं करता । इसलिए मैं कहना चाहता हू कि सरमाएदार द्वारा पैदा की हुई चीज, अगर वर्ल्ड माकीट के कम्पीटीशन में उसकी कीमत कास्ट आफ प्रोडक्शन से कम पड़ती है तो यह सरकार उसके नुक्सान को पूर। करती है । इसी तरह से मैं सरकर से कहना चाहता हूं कि किसान के गेहूं का भाव 125 रुपया क्विटल मुकरर होना चाहिए और अगर सरकार 125 रुपया

मुकर्रर नहीं करती तो 85 रुपया या सौ रुपया क्यिंटल मजदूर के लिए रख दे और यह जो बीच का नुकसान है अगर सरमाएदार के लिए सहन किया जा सकता है, तो किसान के लिए भी सहन किया जाना चाहिए ।

इसके अलावा एक औरे चीज कहना चाहता हूं इस देश के अन्दर जो यह शराब का दौर चल रहा है यह किसान के लिए बहुत बुरा है क्योंकि किसान को केवल दो चीजें मार सकती हैं । देहात के किसान और मजदूर को दो चीजें बरबाद कर सकती हैं । एक तो बाढ़ का पानी और दूसरे शराब की बाढ़ । ये दो बाहे हैं जो किसान और मजदूर को बरबाद कर रही हैं । मैं कहना चाहता हूं कि ये सरमाएदार और पूजीपति इस देश के लुटेरे हैं और हमारे देहात बरबाद करने के लिए इन्हेंने शराब का सिस्टम चलाया । सरमाएदार के कारखा ने में एक बोतल शराब 5. 50 रुपए में तैयार होती है और देहात में जाकर 17 रुपए में बिकती है । एक तरफ तो किसान का पैसा सरमाए.दार को दिया जा रहा है और दूसरी तरफ इन्होंने यह सोचा कि देहात के लड़कों को, मजदूरों के लडको को, किसान के लड़कों को अगर कोई चीज बरबाद कर सकती है तो वह शराब है । उन्होंने सोचा कि उनक दिमाग केवल शराब खराब कर सकती है । उनको यह डर था कि कहीं ये देहात के लड़के हमारे साथ कम्पटीशन में न आ जाए कहीं ये लड़के हमारे अधिकारों कोन छीन ले । हमको निरबुद्धि बनाने के लिए उन सरमाएदारों ने यह साजिश रची कि गांवों के

अन्दर शराब के ठेके खुलवा दिए । मैं सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि देहात से ये शराब के ठेके बिल्कुल बन्द कर दें । देश के इस 90 प्रतिशत कमेरे को बचाने के लिए अगर करोड़ों का नुक्सान भी उठाना पड़े तो भी शराब को बिल्कुल दफना दिया जाए । मैं सरकार से यह आशा रखूंगा कि जो भी सुजैशन्ज मैंने दी हैं, उन पर सरकार जरूर गौर करे । हम सरकार को हर लिहाज से मदद दे रहे हैं और यह सोचकर दे रहे हैं कि इसे बने हुए अभी. एक्रू साल भी नहीं हुआ है । हम इस सरकार को काम करने का पूरा चांस देना चाहते हैं । डन शरदों के साथ मैं सरकार से यह प्रार्थन। करूंगा कि आप पन्द्रह फीसदी को बिस्कूल लात मारकर 85 फीसदी को अपने साथ लेकर चलें, तो आपको कोई मारने वाला नही होगा ।

16.00 बजे

श्री शमशेर सिंह : डिप्टी स्पीकर साहब, मेरा प्वांयट आफ आर्डर है कि हमारे साथियों ने कट मोशन भी दिया हुआ है, जिन्होंने कट मोशन दिया हुआ है, उनको पहले समय मिलना चाहिए ।

(इस समय कामरेड शंकर लाल बोलने के लिए खड़े हुए)

श्री उपाध्यक्ष : शंकर लाल जी आप बोल चुके हैं पहले बजट पर... (शोर)...

श्री मूल चन्द मंगला (पलवल) : डिप्टी स्पीकर साहब, आपने मुझे बोलने के लिंए टाईम दिया, इसके लिए मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं । सबसे पहली मेरी रिक्वैस्ट सरकार से यह है कि हमने जो वृक्षों को लगाने का कार्यक्रम बनाया है, उसमें अगर हम सफेदे के वृक्ष लगाने की बजाए सड़कोंकी दोनों तरफ या नहरों की दोनों तरफ फलदाररू वृक्ष लगाएंगे तो काफी अच्छा रहेगा जिससे कि अन्न की व्यवस्था भी होगी और स्वास्थ्य के लिहाज से भी यह अच्छा रहेगा क्योंकि आज गरीब लोगों का स्वास्थ्य बहुत खराब होता जा रहा है, लोगों को आज दूध की बजाए, अच्छी खाने पीने की चीजें भी नहीं मिल रहीं हैं अगर गांव में यह फलदार वृक्ष होंगे तो लोगों की सेहत पर कोई बुरा असर नहीं पड़ेगा । अतः मेरी सरकार से प्रार्थना है कि इस ओर खास ध्यान दिया जाए और सफेदे के वृक्षों की बजाए फलदार वृक्षों को लगाया जाए । इससे अगली बात डिप्टी स्पीयर साहब, मैं क्हना चाहता हूं, शराब बंदी के तरे में, जैसा एक अभी मेरे एक भाई गंगा राम ने बताया कि शराब बिस्कूल बन्द होनी चाहिए । अगर यह शराब वगैरह बन्द होगी. तो हमारे जो गरीब किसान मजदूर हें, वें अपनी थोड़ी सी कमाई में अच्छी प्रकार से रोटी खा सकेंगे । मेरा सरकार के सामने एक सुझाव है कि शराब की दुकानों पर रजिस्टर रखा जाए ताकि जो आदमी वहां पर शराब लेने के लिए जाए वह वहां रजिस्टर में अपना नाम व पता लिखे, जिससे शराब पीने वालों को जरा झिझक सी रहेगी और जो छोटे छोटे बच्चे वहां शराब लेने के लिए जाते हैं उनके पर भी रोक लग सकेगी

और वे भी वहां जाने से डरेंगे, इससे एक तो वही शराब की बिक्री कम होगी और दूसरे गरीब लोगों का इससे भला होगा । तो मेरी सरकार से दरख्वास्त है कि सरकार को इस तरह का नियम भी बना देना चाहिए । अव्वल तो मेरा सुझाव है कि गांव–गांव में यह जो शराब की दुकानें हैं, यह भी कम होनी चाहिए । इससे अगली बात मैं डिप्टी स्पीकर साहब, सेव्य टैक्स के बारे में कहना चाहता हूं जैसा कि दूसरे सूबों में सरकार ने इस सेल्ज टैक्स को कम करने की कोशिश की है, जो सेल्ज टैक्स फार्मज हैं, वे बिला वजह बिजनैसमैन को परेशान करने के लिए बनाए हुए हैं, फार्म नबर 1 4, 1 5, 16 वगैरह जो फार्म हैं, इन सब को जैसा कि दिल्ली के अन्दर सब के सब फार्म खत्म कर दिए गए हैं, यहां हरियाणा में भी इनको खत्म कर देना चाहिए और जैसे दिल्ली और पंजाब ने किया है कि छोटी दुकानों के लिए लाईसेंस देने पर उनका हिसाब किताब नहीं देखा जाता, उसी तरह से हरियाणा को भी ऐसे ही करना चाहिए कि छोटे दुकानदारों को तंग न किया जाए । जो बड़े–बड़े दुकानदार हैं, उनका हिसाब किताब जरूरत पड़ने पर रेखा जा सकता है, लोंकन छोटे दुकानदारों को इससे छूट मिलनी चाहिए, मेरी सरकार से यह बड़ी पुरजोर दरख्वास्त है । (इस समय सभापतियों की सूची में से एक सदस्य चौधरी खुरशीद अहमद पदासीन हुए ।)

तो चेयरमैन साहब, मैं कह रहा था अपनी सरकार से कि केवल उन्हीं दुकानदारों को बुलाया जाए जिनके एकाउंट्स में

कुछ खराबी प्रतीत हो, दूसरे दुकानदारों को परेशान न किया जाए । अन्त में मैं हैल्थ के बारे में अपने ख्यालात रखना चाहता हूं कि इस समय देश के अन्दर हैल्थ के बारे में काफी खराबी पाई जा रही है । अभी–अभी. बहुत से साथियों ने बोलते हुए कहा कि शफाखाने और अधिक होने चाहिए । मैं भी इसक समर्थन करता हूं ताकि देश के बच्चों को, गरीब किसान को और दूसरे जो पिछड़े हुए लोग हैं, जिनके पास कोई साधन नही हे, उनको दवाईयों की सुविधा प्राप्त हो सके । इसलिए मेरी सरकार से पुरजोर अपील है कि यह जो दवाईयों के लिए पैसा रखा गया है, यह वहुत कम रखा गया है, इसको बढ़ा कर ज्यादा पैसा रखा जाना चाहिए ।

अभी मेरे भाई ने बोलते हुहु कहा कि गांवों में 2 0–20 मील के फासले पर डिस्पैसरियां हें, जिनसे लोगों को बड़ी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है । इसलिए मेरा सरकार से सुझाव है 'कि गांवों में जितनी. ज्यादा से ज्यादा डिस्पैंसरियां हो सकें, खोलनी चाहिएं ताकि लोगों को किसी प्रकार की दिक्कत न हो । दवाईयां खरीदने के लिए सरकर को और अधिक पैसा रखना चाहिए ताकि गरीब आदमियों को और उनके बच्चों को मुक्त दवाईयां मिल सकें । इन लफ्जों के साथ मैं चेयरमैन साहब आपका शुक्रिया अदा करते हुए. अपना स्थान लेता हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया ।

डाक्टर बृज मोहन गुप्ता (जगाधरी) : आदरणीय चेयरमैन साहब, मैं आपका बड़ा मश्कूर हूं कि आपने मुझे बोलने का समय दिया । चेयरमैन साहब, मैं तो सिर्फ एक ही डिमांड नम्बर 10 पर बोलूगा ।

आवाजें : चेयरमैन– साहब, हमें भी बोलने का समय मिलना चाहिए ।

श्री सभापति : टाईम लिमिट थोड़ा कम रख दें, तो मेरे विचार में ठीक रहेगा.....

आवाजे : ठीक है जी ।

डाक्टर बृज मोहन गुप्ता : चेयरमैन साहब, मैं सदन को यह बताना चाहता हूं कि सारा भार आज मैडिकल प्रोफैशन पर डाला हुआ है, पर इसके लिए सारा समाज जिम्मेवार है । जब कोई किसी किस्म की खराबी होती' है, चाहे किसी पोलिटीशियन के साथ हो, चाहे स्पोर्टस– मैन के साथ हो, चाहे गरीब किसान के साथ हो, चाहे व्यापारी के साथ हो, चाहे किसी क्लर्क या बड़े आफिसर के साथ हो, तो इसकी सारी. जिम्मेवारी' मैडीकल प्रोफैशन पर डाली जाती है । मैंने अलवा कमीशन की रिपोर्ट पडी है उस पर मैं कुछ नहीं कहता । आज सन्तोख सिंह आनन्द जी का पेपर मैंने पढ़ा कि जब भी किसी के साथ हैल्थ के बारे में कोई बात हो जाती है तो मैडीकल प्रोफैशन को पकड लिया जाता है । जहां पर आप लोगों ने मैडीकल प्रोफैशन पर एक बड़ी

जिम्मेवारी डाली है, वहां पर इसका मखौल भी उड़ाया गया है । वह है फैमिंत्री प्लानिंग का । इसके बारे में एक बात कहता हू कि मैडिकल प्रोफैशन में कहीं पर यह नहीं कहा गया कि फैमिंत्री प्लानिंग कराओ । किसी ने किसी के साथ कोई जोर जबरदस्ती नहीं की, यह तो सब पोलीटीशियनज ने ही लोगों को मजबूर किया और मखौल उड़ाया जाता है मैडिकल प्रोफैशन का, कितने दुख की. बात है । मैं इण्डियन मैडीकल एसोशिएशन का मैंबर होने के नाते आपके'य बताना चाहता हूं कि यह जो न्यू कम्युनिटी है, उनको सिर्फ तीन–महीने की ट्रेनिंग देकर गांवों में दवाईयां देकर भेज दिया जाता है जिनको उन दवाईयां के नाम तक नहीं पता है । कुनीन सल्फेट का नाम तक नही बता सकते हैं, मैं इस बात का चौलेंज करता हूं । उन लोगों को यह भी पता नहीं होता कि यह कुनीन सल्फेट किस वक्त देनी है और किस वक्त नही देनी और फिर लोग मैड़ीकल प्रोफैशन का मखौल उड़ाते हैं कितने शर्म की बात है ।

मैं कहता हूं कि ए0पी0सी0 की एक टेबलट भी किसी को नुक्सान दे सकती है जिसको पूस्प्रीन से एलर्जी हो, उसे नुक्सान कर सकती है । जहां तक हैल्थ का सवाल आता है तो उसके बारे में सैन्ट्रल गवर्नमेंट भी आई0एम0ए0 के साथ मिलकर बात करती है, लेकिन मुझे अफसोस के साथ कहना पड़ता है कि इस बार सैट्रंल गवर्नमैंट ने आई0एम0ए0 के साथ कोई बातचीत नहीं की । इसलिए मैं उनका रोष इस हाउस में अपने द्वारा प्रकट

करना चाहता हूं कि यह जो न्यू कम्युनिटी हैल्थ वर्कर की स्कीम है,इस पर जो पैसा खर्चा जाएगा, यह सिर्फ नाम के डाक्टरों पर ही खर्चा जाएगा । क्या कोई तीन महीने में डाक्टर बन सकता है । परसों चौथे मैंने अखबार में पडा कि पंजाब में ऐसा हुआ है और जब गवर्नमेंट ने किसी से पूछा कि तुम क्या कर रहे हो, तो वह सर्विस छोड़ कर चला गया और जाकर डाक्टरी शुर कर दी । क्योंकि जिस वक्त वह किट लेकर गांव में जाएगा तो गांवों के जो हमारे भोले भाले आदमी हैं, वे उसी दिन उसके डाक्टर साहब कहेंगे । वह तो तीन महीने में डाक्टर बन गया और वैसे डाक्टर बीस साल में बनता है । 14 साल तो बी0एस0सी0 पर और पांच साल एम0बी0बी0एस0 पर और एक साल इटरनशिप पर और इस स्कीम के तहत उसे तीन महीने में डाक्टर बनाकर खड़ा कर दिया जाता है और जब वह नौकरी से जाएगा फिर भी डाक्टर ही कहलवाएगा चाहे उसे कुछ आता है या नहीं । तोसरकार से मेरी यह गुजारिश हैकि यह जोपै सा हम न्यूकम्युनिटी हैल्थ स्कीम पर खर्च करने जा रहे हैं, इस पैसे के बारे में मैंने बहिन जी से बात की थी और उन्होंने मुझे बताया कि यह पैसा सैन्ट्रल गवर्नमेंट देगी । ठीक है अगर सैन्ट्रल गवर्नमेंट भी देती है, तोभी बिस्कूल ठीक है लेकिन सरकार से मेरी गुजारिश है कि इस पैसे को बजाए इस स्कीम पर खर्च करने के प्राइमरी हैल्थ सैन्ट्रर्ज पर खर्च किया जाए । मेरे पास मिसाल है कि एक आदमी दुकान तो हलवाई की करता है और वह आप्रेशन पाइल्ज का करता है । एक तरफ तो हम क्वैक्स को बन्द करने की सोचते हैं और दूसरी तरफ इस

स्कीम के जरिए उसे बढ़ाने जा रहे हैं । इसलिए सरकार से मेरा अनु रोध है कि यह पैसा जो खर्चा जाएगा, इसकी बजाय हम यह पैसा नए प्राइमरी हैल्थ सैन्टर्ज खोलने पर और दवाईयों की सुविधा पर लगाएं । इससे सारे समाज का, सारे देश का भला होगा और हम उन बेचारे गरीबों को जो देहातों में रहते हैं गुमराह नहीं कर सकेंगे । धन्यवाद ।

चौधरी वीरेन्द्र सिंह : (उचाना कलां). चेयरमैन साहब, मैं सबसे पहले यह कहूंगा कि हमारी जगता सरकार ने जो यह बड़े दावे से कहा था कि जब जनता का राज होगा या जनता की सरकार बनेगी तो एक नई राह गरीब लोगों को और पिछड़े हुए लोगों को मिलेगी । इस ख्याल से यहां की जनता ने इतने भारी बहुमत से जनता पार्टी को इस राज की बागडोर सौंपी । चेयरमैन साहब, लोग कब तक बर्दाश्त करे? 8 महीने करें, 8 महीने करें या साल भर करे । अब बजट आने पर भी यह उम्मीद थी कि कोई नई स्कीम या नया तरीका इस राज ने अख्तियार किया होगा लेकिन अफसोस की बात है कि एग्रीकल्चर के अन्दर 22 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है । उसके अन्दर सारे के सारे हैड्ज आ जाते हैं, जिनका एग्री– कद–पर से कोई सम्बन्ध नहीं है । तो जिन किसानों ने सरकार को जिताया उन किसानों के लिए यह सरकार क्या कररही है । सारे प्लान बजट का सिर्फ 10 प्रतिशत रखा गया है और शप देखेंगे कि इसमें भी अगर किसान की भलाई करनी मी तो उसकी फसल की इश्योरैसं की कोई

स्कीम आनी चाहिए थी, उसकी फसल के लिए कोई कीमत मुकर्रर होती लेकिन बहुत अफसोस की बात है कि किसान के लिए कुछ नहीं किया गया है । ट्रेजरी बैंचिज पर बैठे लोग यह कहते हैं कि कन्जयूमर के प्राइस इंडैक्स को भी देखना पड़ता है जब किसान के लिए भाव निर्धारित किए जाते हैं । मैं कहता हूं कि जब कन्जयूमर के प्राइस इंडैक्स को देखना पड़ता है तो किसान की कास्ट को भी देखना चाहिए । लेकिन बहुत दुख की' बात है कि किसान के लिए कोई प्राइस इंडैक्स फिक्स नहीं किया गया । आज– हालत यह है कि गन्ना 5 और 6 रुपए क्विटल तक बिक रहा है । मैं यह बात दावे के साथ कह सकता हूं कि किसान को जो भाव आज मिलना चाहिए था वह तीन महीने के बाद मिलेगा. । क्योकि इन तीन महीनों में सरकार के पूंजीपति साथी गुड़, खांड और चीनी का स्टोर कर लेंगे । वैसे तो किसान को हम अन्न दाता कहते हैं, लेकिन उसके बदले में हम उसको देते क्या हैं? आज 9 महीने हमारी सरकार को बने हुए हो गए हैं तथा एक साल हमारी केन्द्र की सरकार को बने हो गया, लेकिन किसान की जरूरत कीजो चीजे है, जैसे जूता है, कपड़ा है, शादी के लिए चीजें हैं या उसके खेतीबाड़ी के औजार हैं सब की कीमतें बढ़ गई हैं और दूसरी तरफ किसान जो पैदा करता है उसके भाव घटा दिए गए है । जैसे गन्ने का भाव घटा दिया गया है । दाल जो किसान पैदा करता है तो उससे 60 या 70 पैसे किलो ली जाती है लेक्नि वही दाल जब साफ सुथरे लिफाफों में जनती है, तो 4– 5 रुपए किलो के भाव से बिकती है । मैं यह नहीं कहूंगा कि

सरकार बिल्कुल आंखे मीचे हुए हैं, लेकिन सिर्फ नारेबाजी से किसानों की आर्थिक व्यवस्था में सुधार नहीं हो सकता, बल्कि कुछ करने के बाद होगा । सरकार ने 80 करोड़ रुपया कोआप्रेटिव सोसाइटियों के जरिए गांवों में बांटने के लिए कहा हे । उस 80 करोड़ रुपए को बांटने के लिए बड़ी भारी मशीनरी भी बनाई गई है और वह पैसा जो रिजर्व बैंक से 8– 9 प्रतिशत से चलता है वह किसानों को, गरीब मजदूरों को और गरीब हरिजनों को 16 और 18 परसैन्ट के वीच में मिलता है । जो सरकार यह कहती थी कि वह उस 80 प्रतिशत जनता को राहत देगी जिसको पिछले तीस साल में कोई राहत नहीं मिंत्री । मैं उन हाकिमों से यह पूछना चाहता हूं कि 16 और 18 प्रतिशत पर कर्जा तो आज से तीस सारन पहले गांव के महाजन और सेठ भी देते थे । सेठों से तो पैसा आराम से मिल जाता था, लेकिन आज किसान– कोकर्जे के लिए दफ्तरों की खाक छाननी पड़ती है और अगर वह उस कर्जे की कोई किश्त अदा न कर सके तो सरकारी मशीनरी उसे पकड़ने के लिए पहुंच जाती है । लेकिन उस जन्माने में जब सूद खोरी का काम चलता था और ऐसी कोई बात हो जाती थी तो भाईचारे से फैसला हो जाता था । इसलिए मैं कहता हूं किं आज 4 0– 50 साल पहले जो एक रुपया नौ आना के हिसाब से ब्याज लिया जाता था वही. ब्याज आज यह सरकार किसानों से ले रही है जो कि बहुत ज्यादती है । मैं कहता हूं कि एग्रीकल्चर के अन्दर अगर इनको 22 करोड़ रुपए' का प्रावधान करना थो तो इनको चाहिए था जैसे एक मिल मालिक की फैक्ट्री से समान तैयार होकर

निकलता है तो उसके लिए उसकी कास्ट आफ प्रोडक्शन फिक्स की जाती है । मिल का मालिक जो टैक्स वसूल करने के लिए हरियाणा सरकार का एक प्रतिनिधि है, उस सामान पर एक्साईज टैक्स, सेलज टैक्स और दूसरी चीजे लगाता है, तब जाकर मार्केट में वह चीज आती है। जहां तक किसान की पैदावार का ताल्लुक है, उसको हर दुकानदार, हर शहरी, हर पटवारी लूटता है और इन हालात में सरकार का यह कर्त्तव्य बन जाता है कि सरकार किसान को चिट्ठियों द्वारा सूचित करे कि तुम्हारा गन्ना, चना, सरसों, दालें वगैरा इस भाव पर बिकेंगे और अगर इससे कम बिकता है तो जो 22 करोड़ रुपया एग्रीकल्चर हैड में रखा है उससे किसानों को कम्पन्सेट करेगी । किसान को चिट्ठियो द्वारा सूचित करना चाहिए ताकि उसकी पैदावार का सही मूल्य मिल सके । लेकिन सरकार किसान के लिए छोटे–छोटे सैन्टर खोलकर उसके आंसू पोंछना चाहती है और उसकी आर्थिक व्यवस्था में सुधार लाना चाहती है । इस तरह से उसकी आर्थिक व्यवस्था में सुधार नहीं हो सकता, इसके लिए ठीक कदम उठाने चाहिएं चेयरमैन साहब, मैं आपके द्वारा एक बात कहना चाहता हूं कि सरकार ने यह दावा किया था कि गेस रूट पर डैमोक्रेसी कायम करेंगे । लेकिन इन्होंने इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट कायम किए और उन के अन्दर अपने आदमी लगाने शुरु कर दिए । जो क्राइ– टेरिया रखा है, उसकेबारे में आज हरियाणा का हर एक व्यक्ति यह कहता है। कि इस हरियाणा के अन्दर दो आदमियों का राज. है । देहातों में चौधरी देवी लाल का और शहरों में डा. मंगल सैन का यह

बात पहली बार सुनने में आई है । इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट बनाने का सिर्फ एक ही क्राइटेरिया रखा हे कि कितने आदमी आर0एस0एस0 के है और किन–किन का होल्ड है । मैं इनसे पूछना चाहता हूं कि क्या शहरों के अन्दर हरिजन नही बसते, बैकवर्ड क्लासिज के भाई नहीं बसते, इनको क्यों शामिल नही किया गया । एक भी हरिजन भाई को इम्प्रूवमैंट ट्रस्ट में शामिल नहीं किया गया, सब जगह आर0एस0एस0 छाया हुआ है । इसी तरह से हमारे फूड ऐंड सप्लाई मिनिस्टर हैं, सब कुछ फूड एंड सप्लाई मिनिस्टर के काबू में हैं और वे बड़े दावे के साथ कहते है कि किसी चीज की कीमत नही बढ़ रही । वे कहती. है कि वे कैम्पों में बैठ कर आती है जहां लोग छोटी–छोटी निक्कर पहने फिरते हैं । इन गांवों से इनको रिपोर्ट मिलती है कि गांवों में व्यवस्था बिल्कुल ठीक हे, लेकिन व्यवस्था का यह हाल है कि गांवों में इनके बिचोलिए काम करते हैं जो किसान का शोषण करते है, उन निक्कर पहने गरीबों का शोषण करते हैं और अपने निजी स्वार्थ की पूर्ति के लिए गलत रिपोर्ट दे ते हैं । इस तरह से वे लोग इस 80 प्रतिशत जनता का भला नहीं सोच सकते । मैं दावे के साथ कह सकता हूं कि 20 प्रतिशत लोगों के पास तो साधन हैं, लेकिन 80 प्रतिशत जनता के पास साधन नही हैं और उनकी आर्थिक व्यवस्था ठीक नहीं है । इम्प्रूवमैंट ट्रस्टों में नोमिनेशन हुई है, उन पर समाज का वही अंग बैठ गया जो समाज का शोषण करता आया है, समाज पर अत्याचार करता रहा है । लेकिन 80 प्रतिशत लोगों का उसमें कोई जिक्र नही है..... ।

श्री सभापति : आपका टाईम हो गया है, दो मिनट बोलना था, लेकिन चार मिनट हो गए है ।

चौधरी वीरेन्द्र सिंह : चेयरमैन साहब, इस सरकार के बहुत बड़े–बड़े दावे थे कि सर– कारी मशीनरी पैसा इकट्ठा नही करेगी, समाज में भ्रष्टाचार नहीं होगा । मैं आपके नोटिस में लाना चाहता हूं कि भ्रष्टाचार बढ़ा है, सरकारी मशीनरी पैसा इकट्ठा कर रही है । में नाम नहीं लेना चाहता, यहां मेरे एक आनरेबल मैंबर बैठे हैं, उन्होंने मुझे टिकटों का एक थब्बा दिखाया और कहा कि यह टिकट तहसीलदार और एस0डी0एम0 ने काटे हैं पैसा इकट्ठा करने के लिए । चेयरमैन साहब, भ्रष्टाचार का इससे बड़ा प्रमाणं और कोई नहीं हो सकता । सरकारी मशीनरी को भ्रष्ट करने की यह एक मिसाल है । जहां तक फूड एंड सप्लाई महकमे का सवाल है, यह महकमा तो जनसंघ का है । यहां पर काम करने वाले जनसंघी भाई मौज उड़ा रहे हैं, ऐश कर रहे हैं (व्यवधान)– एक समय में चीनी के दो परमिट काटे गए, एक असल था और दूसरा नकली था । एक काले बाजार में चला गया और दूसरा बंटने के लिए क्या गया । यह फूड एंड सप्लाई में भ्रष्टाचार का नमूना है । चेयरमैन साहब, जनता पार्टी जिसको जनता पार्टी की सरकार कहते हैं, इसमें वही लोग हैं जो समाज का हमेशा शोषण करते आए हैं, किसान पर अत्याचार करते आए हैं । हमारे मुख्य मन्त्री जी आ गए हैं, इन्हें इस बात का इल्म होगा कि किस तरीके से समाज के अन्दर भ्रष्टाचार पनपता रहा और जो लोगों की आशाए

थी, उम्मीदे थीं, वे धूमिल हो गई । जो लोग यह सोचते थे कि शासन के अन्दर तबदीली आएगी, नया निखार आएगा, वे भूल कर रहे हैं । यही कारण है कि आज की जनता यह दावा करती है कि आज की शासन प्रणाली में वही लोग आ गए हैं जो पहले राज में जनता का, किसानों का शोषण करते थे ।

श्री सभापति : आप तशरीफ रखिए, काफी टाईम हो गया है ।

(इस समय बहुत से सदस्य बोलने के लिए खड़े हो गए)

श्री दीप चन्द भाटिया : मुझे टाईम दें, मैं कई बार खड़ा हुआ हूं । ..... मुझे टाईम नहीं दे रहे –(व्यवधान)

श्री सभापति : ये रिमार्क्स एक्सपंज कर दिए जाएं ।

राव वीरेन्द्र सिंह : चेयरमैन साहब, जिन लोगों ने कट मोशन्ज दे रखी हैं, उनको टाईम दे दिया जाए । वे दस–दस बार बोलने के लिए खड़े हो चुके हैं ।

श्री सभापति : जो टाईम है, उसके मुताबिक सबको मौका दिया जाएगा ।

श्री जय नारायण वर्मा (बरवाला) : चेयरमैन साहब, मुझे जो आपने बोलने के लिए समय दिया उसके लिए मैं आपका धन्यवाद करता हूं । लेकिन इसके साथ ही साथ मुझे एक बात का

गिला है कि जो नए सदस्य आए हैं, उनका खासतौर पर ध्यान रखा जाए । एक तो मैं नया हूं और दूसरे कोने में बैठा हूं, आप हमारा ख्याल रखा करें । आपका मैं शुक्र गुजार हूं, जोमुझे बोलने का समय दिया है । मैं अपनी स्पीच में किसी बात को रिपीट नहीं करना चाहता । चेयरमैन साहब, अनुदानों की मांगों पर डिस्कशन हो रही है । अनुदानों के बारे में मैं एक बात बड़े फस' के साथ कह सकता हूं कि इन मांगों में जो बातें हैं, इनका जो उद्देश्य है, जो भलाई है, इसके लिए हम पिछले 30 सालों से भटक रहे हैं । हमारे बजट में जो योजनाए हैं, उनका रूझान गांवों की तरफ है, इस बात के लिए मैं जनता सरकार को बधाई देता हूं । लेकिन मैं यह बात कहे बगैर नही रह सकता कि पिछली कांग्रेस सरकार नें गांधी जी के नाम को सरे बाजार नीलाम किया है, गाधी जी के सिद्धान्तों को मिट्टी में मिला दिया, उन पर चलने का बिल्कुल प्रयास नही किया । लेकिन जनता सरकार ने इस ओर ठोस कदम उठाए हैं और गांवों की तरफ ध्यान देकर अच्छी योजनाएं बनाई है । जहां सरकार गांवों की तरफ ध्यान दे रही है, वहां इस बात के लिए भी जागरूक रहे कि गांवों में जो बड़े–बड़े जमीदार हैं, उनकी तरफ ही ज्यादा ध्यान न रहे, छोटे जमीदार भी इस देश में रहते हैं, खेती मजदूर रहते हैं, इनकी तरफ भी हमारा ध्यान जाना चाहिए । गांवों को शहरों के बराबर लाने की जो हमारी कल्पना है कही हम उससे भटक न जाएं । जनता सरकार को मैं बधाई देता हूं जिसने अपना रुख गांवों की तरफ मोंड़ा है । इसके साथ ही साथ मैं प्रार्थना करना चाहता हूं कि पिछले 30 सालों से

कांग्रेस राज में एक बहुत बुरी बात होती चली आ रही है । हमने यह नहीं सुना था कि शासन जनता को जुआ खेलने के लिए प्रोत्साहन करती हैं । इस लाटरी को खत्म किया जाना चाहिए । पिछली सरकार ने इस देश में जुआ खेलने का एक रिवाज चलाया है जो देश को सर्वनाश की तरफ ले जा रहा है । मेरी सरकार से प्रार्थना है है कि वह हिम्मत करके इस जुए वाली लानत को खत्म करे ।

सभापति महोदय, शराब के बारे में बहुत से साथी बोल चुके हैं । मैं उन बातों को दोहराना नही चाहता मगर एक बात अवश्य कहना चाहता हूं कि जब तक कोई भी सरकार नेक नीयती से काम न करना चाहे, तब तक शराब बन्द होने वाली नही है । ज्वांयट पंजाब का, जिसमें आज का पंजाब, हरियाणा और हिमाचल शामिल है, इस मद से राजस्व लगभग 88 करोड़ रुपया बनता है । इस रेवैन्यू के लालच में आज तक कोई भी सरकार शराब को बन्द करने के लिए ठोस कदम नही उठा रही है । लेकिन हमे गांधी जी के शब्द याद रखने चाहिएं । गांधी जी ने कहा था कि शराब का पैसा लेकर विकास करने की बजाय मैं हिन्दुस्तान को अनपढ़ और अविकसित रखना चाहूंगा । इसलिए इस पैसे से विकास करना तो वह बात होगी जैसे एक घड़े में आप पर से पानी डालते जाए और नीचे के छिद्र से वह निकलता जाए । जब तक सरकार रेवैन्यू का बहाना लगाकर इस अनैतिक चीज को प्रोत्साहन देती रहेगी, तब तक शराब बन्द नहीं हो सकती ।

श्री बलदेव तायल : चेयरमैन साहब, आन ए प्वांयट आफ आर्डर । मैं यह बात जानना चाहता हूं कि ये मैंबर साहब किस डिमांड पर बोल रहे है? बोलने से पहले यह बात बतानी तो जरूरी थी ।

श्री सभापति : आप अपनी स्पीच वाईड अप करें और यह भी बता दें कि कौन–सी डिमांड पर आप बोल रहे हैं ।

श्री जय नारायण वर्मा : चेयरमैन साहब, मैं राजस्व वाली डिमांड पर बोल रहा हू ।

तो चेयरमैन साहब, मैं कह रहा था सरकार को इस तरह से राजस्व को छोड़ने की कभी न कभी क्रांतिकारी हिम्मत करनी. ही पड़ेगी । शराब पर टैक्स भी लगना चाहिए । जब तक शराब की आमदनी को शराब केखिलाफ प्रयोग करने की हिम्मत नही होगी, तब तक हम इसको बन्द नही कर सकेंगे । आज सत्ता की बागडोर ऐसे हरियाणवियो के हाथों में है जिन पर हमें गर्व है । अगर आज. भी शराब बन्द न हुई तो यह बड़ी अदभुत् सी बात होगी । यदि हम कल्पना करे बिय यह शराब फिर कभी बन्द हो सकती है तो ऐसा नहीं हो सकता ।

इसके बाद, चेयरमैन साहब, मैं रोजगार वाली' डिमांड के बारे में कुछ अर्ज करना चाहूंगा । इसके लिए मैं अपनी सरकार को बधाई देना चाहूंगा क्योंकि बजट के अन्दर रोजगार के बहुत से अच्छे साधन जुटाए जाने का जिक्र किया गया है । नौजवानों

को नौकरी' दिला ने का प्रयास भी किया जा रहा है । लेकिन इस सम्बन्ध में एक बात मैं अवश्य कहंना चाहूंगा । आज हम देखते हैं कि जब चीनी की कमी होत्ती है तो राशनिंग होती है जब कोयले की कमी होती है तो कोयले की राशनिंग होती है । तो क्या हम ऐसा नही सोच सकते हैं कि राशनिंग आफ एम्पलायमैन्ट भी हो । आज देखा कह जाता है कि किसी घर में तो पति भी नौकरी करता है, पत्नी भी नौकरी करती है, बहिन भी नौकरी करती है और भाई भी नौकरी करता है, लेकिन कई घर ऐं से हैं जिनका कोई दूर का रिश्तेदार भी नौकरी में नही हे । इसलिए मैं सरकार से प्रार्थना करुगा कि वह राशनिंग आफ एम्पलायमैंट केबारे मे भी सोचे ताकि सबको रोजगार के बराबर अवसर मिल सकें ।

आखिरी बात, चेयरमैन साहब, मैं यहकहना चाहता हूं कि समाज के जो लोग बहुत पीछे रह गए हैं, समाज के जो पिछडे वर्ग है, उनके लिए बजट में जो प्रावधान किए गए हैं, वे नाकाफी हैं । इस प्रोविजन को बढ़ाया जौना चाहिए, ताकि जो भाई बहिन समाज में पीछे रह गए हैं, वे आगे बढ़ सके ।

श्री दीप चन्द भाटिया (फरीदाबाद) : चेयरमैन साहब, मैं आपका अपनी आ त्मा से धन्यवाद करता हूं क्योंकिं मुझे चार दिन के बाद बजट के पर बोलने का पांच मिनट का मौका मिला है ।

श्री सभापति : आप किस डिमांड के पर बोल रहे हैं?

श्री दीप चन्द भाटिया : मैं अपनी आत्मा की बात तो एक मिनट कर स । चेयरमैन साहब, बड़ी खुशी की बात है कि हमारी जनता सरकार ने चीफ मिनिस्टर **चौधरी** देवी लाल जी ने, जो 10 परसैन्ट आबियाना बढ़ाया था, जो गरीब किसानो के पर, गरीब भाईयों के पर बड़ा बोझ था, उसे विद्ड्रा कर लिया । दूसरी खुशी की बात यह है कि हमारा व्यापारी वर्ग जो जनता सरकार से नाराज हो गया था उसे इस सरकार ने खुश कर लिया है 13 परसैन्ट बडे हुए सरचार्ज को विद्ड्रा करके । तीसरी चीज मैं अपनी आत्मा की आवाज की तरफ से कहना चाहता हूं । – (हंसी)

श्री सभापति : आप सारी डिमांडज पर इकट्ठा बोल लें ।

श्री दीप चन्द भाटिया : चेयरमैन साहब, मेरे गरीब भाई और मजदूर भाई बसों पर चलते हैं. इसलिए यह जो 10 परसैन्ट पैसेंजर टैक्स में बुद्धि की गई है यह भी विदड्रा होनी चाहिए । अगर कह हो जाए तो यह भी खुशी की बात होगी और तभी यह जनता का सही बजट होगा । (प्रशंसा) लेकिन अतः सवाल है कि पैसा कहां से आएगा, जनता सरकार कैसे चलेगी? इसके बारे में मैं हाउस को बताना चाहता हूं कि फरीदाबाद में करोड़पति और अरबोगित बैठे हुए हैं जिनकी फैक्ट्रियां वहां–चलती है लेकिन दफ्तर दिल्ली के अन्दर हैं 1 मैं यह बात पहले भी कई दफा कहू चुका है लेकिन उस पर अमल नहीं हो रहा है । अपने फाईनेंस मिनिस्टर साहब को भी मैं यह बात कई दफा बोल चुका हूं लेकिन पता नही क्यों यह बात ठन्डी हो जाती है । मैं आज फिर इस

हाउस में कहना चाहता हूं कि फरीदाबाद के अन्दर जो फैक्ट्रियां हैं, अगर उनके दफतर दिल्ली से फरीदाबाद में आ जाएं तो कोई टैक्स लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी ।

इसके अलावा मैं एक और भी अर्ज करना चाहता हूं । शराब के बारे में सभी भाई बोल चुके हैं लेकिन मैं एक जरुरी बात कहना चाहता हूं । यह शराब बहुत गन्दी चीज है । इसलिए इसके पर इतना टैक्स लगाया जाए कि अगर कोई पीए तो उसको कुछ पता तो लग जाए । आज जो टैक्स लगा हुआ है उससे दुगुना इसको कर दो । हमारे फाईनैसं मिनिस्टर साहब, यह जो 10 परसैन्ट पैसेंजर टैक्स बढ़ा देते है या तीन परसैन्ट सेल्ज–टैक्स फालतू कर दे ते हैं इससे बात नही बनेगी । (विघन) चेयरमैन साहब, मैं अपने आनरेबल मैंबर को यह बता देना चाहता हूं कि यह एम 0एल0ए 0 तो चुन लिए गए है लेकिन इनको अभी यह नहीं पता कि दीप चन्द भाटिया प्याज भी नहीं खाता, शराब पीने और म्उर्गा खाने की तो बात ही क्या है । (हंसी) यह खुद कांगेस में रहे हैं, इसलिए इनकी वहीं. पुरानी भावना अभी तक चल रही है । (विध्न)

इसके बाद चेयरमैन साहब, मैं हाउसको यह बताना चाहता हूं कि पिछली कांग्रेस सरकार ने जो हमारे गरी ब मजदूरों के पर जुल्म किया है, वह अब दूर किया जाना चाहिए । इस हाउस में मैं पहले भी कई दफा बता चुका हूं कि हजारों झुग्गी–झोंपडियां जो हमारे गरीब वर्कर्ज ने बनाई थी, उन्हें

एमरजेंसी के दिनों में तोड गया, जैसे दिल्ली में तुर्कमान गेट में तोड़ी गई थीं । क्योंकि दिल्ली हमारे देश की कैपिटल है इसलिए तुर्कमान गेट वाली झुग्गी–झोंपड़ियों के बनाए जाने के बारे में तो आर्डर्ज हो गए हैं, लेकिन मेरे फरीदाबाद, जहां से करोड़ों रुपए की आमदनी इस प्रान्त को है, के बारे में अभी गौर ही किया जा रहा है । फरीदाबाद की लेबर आज. फिर उसी तरह की झुग्गी–झोपडियों में रह रही है । वे एक इन्सान की जिन्दगी बसर नहीं कर रहे हैं । मैं चीफ मिनिस्टर साहब से प्रार्थना करना चाहता हूं कि उनकी ओर भी ध्यान दिया जात् । चेयरमैन साहब, मैं भी लाखों आदमियों का नुमाइंदा हूं और मैं आपके द्वारा चीफ मिनिस्टर साहब को बताना चाहता हूं कि चीफ मिनिस्टर साहब जो बच्चा अच्छा काम करता है, आमदनी अच्छी देता है, उसको मां और बाप, दोनो दूध भी अच्छा पिलाते हैं और मिठाई भी खिलाते हैं । इसलिए आपको भी यह चाहिए कि चूंकि फरीदाबाद आमदनी देने वाला है, इसलिए उस रकम का कुछ हिस्सा वहां लगाया जाए ताकि उन गरीब लौंगों के मकान बन सकें । (विध्न)

चेयरमैन साहब, वहां एक बी0के0 हास्पिटल है । मेरे दिल्ली के आसपास के और पलवल आदि के सारे देहाती भाई वहां आते है, लेकिन वहां पर उनको कोई खास सहूलियतें नहीं मिलतीं । चेयरमैन साहब, वह अस्पताल उस व्यक्ति के नाम पर है, जिसे बादशाह खान के नाम से जाना जाता है और जो फ्रंटियर का महात्मा गांधी था । जिस वक्त मुस्लिम लीग की हकूमत पाकिस्तान

में बनी थी उस वक्त यानि 1947 से पहले वहां कांग्रेस का राज था । तो मैं अपनी सरकार से रिक्वैस्ट करना चाहता हूं कि हमें बादशाह खान के नाम को चमकाना चाहिए । (विध्न) चेयरमैन साहब, मैं चीफ मिनिस्टर साहब से यह प्रार्थना करना चाहता है कि देहात के जो गरीब भाई वहां आते हैं, उनको वहा पर रोटी मूफ्त मिलनी चाहिए ।(घंटी) ।

चेयरमैन साहब, मुझे तो अभी तक बोलने केलिए समय मिला ही नहीं है । आप तो मेरे इलाके के हैं, इसलिए भी थोड़ा सा ख्याल करके मुझे टाईम दे दे।

चेयरमैन साहब आप को भली भांति पता है कि फरीदाबाद के अन्दर ज्यादातर लेबर रह रहे हैं । वे बेचारे गरीब वर्कर हैं । उनके मीनीमम वेजिज 170 रुपए है । उन गरीबों के पास कोई रास्ता नहीं है. खाने कमाने का कोई दूसरा साधन नहीं है । अगर एक परिवार में दो बच्चे और मियां बीबी हों तो चार आदमियों का 170 रुपए में गुजारा नही हो सकता । किसप्रकार से 170 रुपए मे रोटी खा सकते है? हमारे जो मिनिस्टर बने हैं, वे यहां हाउस में पास करा दें कि उनकी तनख्वाह ज्यादा हो ताकि उन दो बच्चों और मियां बीबी का रोटी का काम चल सके ।

चेयरमैन साहब हमारा यह करोड रुपए का बजट है । यह बड़ी ही खुशी की बात है कि हमारे हरियाणा केलोगों की भलाई पर खर्च होगा । हमारे हरियाणा में जब फलड नहीं आया

था, उस वक्त भी मैंने सी0 एम0 साहब से रिक्वैस्ट की थी और उनका यह नारा भी था कि भ्रष्टाचार को खत्म करेंगे । मैं आपके जरिए यहां रिक्वैस्ट करुंगा कि कांग्रेस के राज में एम0 एल0ए0 भी खाते थे, मिनिस्टर भी खाते थे । वहां पर जो ब्लैक से सीमेंट बिकता था, उसमें वे लोग अफसरान से मिले हुए थे । वहां पर ओवर सीयर की बिल्डिग बन जाती है, एस0डी0ओ0 की बन जाती है, क्लर्क की बन जाती है, कई लोगों ने वहां पर लाखों और करोडो बनाए हैं । इस बारे में सरकार को इनक्वायरी करनी चाहिए । इस टाउन के अन्दर हरियाणा का गरीब आदमी टैक्स दे रहा हे, इसटैक्स को वह क्यों दे, फैक्ट्रियों के आदमियों को देना चाहिए । पिछले राज में गरीबों की मेहनत का पैसा योंही जाया होता रहा है । इसलिए पिछले राज में जो सीमेंट बिकता था वह सीमेंट किस का है? वह हरियाणा का है । हरियाणा में जो पूरा सीमेंट नही लग रहा है,वह गरीब लोगों का नुक्सान हो रहा है । सीवरेज पर सीमेंट नही लगेगा। तो वह टूट जाएगा, पुल पर पूरा नहीं लगेगा तो वह भी टूट जाएगा । कहने का मतलब यह है कि अगर कोई भी चीज बनाएं, अगर उस पर सीमेंट पूरा नहीं लगेगा तो टूट जाएगा । इस लिए मेरी आपसे प्रार्थना है कि ऐसी बॉडी बना दें, जो इन बातों को चौक करे । .... इसलिए मेरी प्रार्थना है कि एक बॉडी बनाई जाए ।

Mr. Chairman : These remarks be expunged.

श्री दीप चन्द भाटिया : चेयरमैन साहब, मैं ऐसी बात नहीं कहना चाहता हूं । तीस साल बाद तो जनता पार्टी के मिनिस्टर आए हैं । मेरी उनके बारे में भावना गलत नहीं है, लेकिन वे नए मिनिस्टर आए हैं, थोड़ी बहुत कमी होसकती है । इसलिए जो सीमेंट का भ्रष्टाचार है या कोई सड़क पर तारकोल पूरा नहीं डालता है, उसके बारे में इनक्वायरी कराएं । चीफ मिनिस्टर साहब से मेरी दरख्वास्त है कि छापे मार कर इस चीज को चौक किया जाए, ताकि यह भ्रष्टाचार खत्म हो सके ।

श्री सभापति : आप अपनी स्पीच खत्म करे ।

श्री दीप चन्द भाटिया : मैं खत्म ही करने जा रहा हूं । हं आखिरी निवेदन करना चाहता हूं कि देहातों के अन्दर इतना काम नहीं हुआ है, वहां पर होना चाहिए । वहां पर बसोंकी दिक्कत है, वहां पर बसें चलाई जाएं । इन लफजो के साथ मैं आपका शुक्रिया अदा करता हूं कि आपने टाईम दिया ।

स्वामी आदित्यवेश (हथीन) : चेयरमैन साहब, बड़ी प्रसन्नता की बात है कि जनता पार्टी की सरकार ने हरियाणा की भलाई का और हरियाणा के लोगों की समृद्धि केलिए यह बजट प्रस्तुत किया है । आज हाउस के अन्दर एक मांग से ले कर 25 मांगों पर 6 अरब 38 करोड़ के करीब खर्च होना है । मैंने पहले यह सोचना आरम्भ किया कि हरियाणा का कितना बड़ा बजट है, कितने करोड़ों रुपए का बजट है । जब मैंने थोड़ा सा ध्यानपूर्वक

इस पर विचार करके देखा कि हर व्यक्ति को सरकार ने क्या दिया है? हमारे हरियाणा प्रान्त की आबादी करीब एक करोड़ बीस लाख है । आज के दिन हरियाणा पर 371 करोड़ का कर्जा है । इसको काट कर प्रतिव्यक्ति पर बराबर बराबर बांटा जाए तो प्रति व्यक्ति 201 रुपए साल के हिसाब से आता है । साढ़े सोलह रुपए महीने के हिसाब से और 55 पैसे प्रति दिन के हिसाब से बजट में प्रावधान किया गया है । जब बजट को यथार्थ में देखते है तो इसमें कुछ और भी बातें दिखाई देती हैं । उदाहरण के तौर पर मांग नम्बर एक में 31, 8 2, 150 रुपए मांगे गए हैं । 'मुझे तो इसे देख कर हैरानी होती है कि एक तरफ तो 55 पैसे प्रति व्यक्ति प्रति दिन के हिसाब से प्रावधान किया गया है और दूसरी ओर राज्य के एक शासक के लिए दस लाख रुपए का प्रावधान किया गया है । हमारे जितने विधायक हैं उन पर 42 हजार रुपया साल में वेतन के रूप में खर्च होगा लेकिन हमारे जो राज्य के एक प्रशासक हैं, उन पर 66 हजार रुपया खर्च किया जौ रहा है । इसी प्रकार से मकानों को सजाने के लिए तीन लाख 14 हजार रुपए का प्रावधान किया गया है । क्या यह सही रूप से पैसे का वितरण किया गया है?

एक दूसरी बात मैं यह भी कहना चाहता हूं कि हमारे यहां हरियाणा में बाढ़ आई । 517 स्कूलों की बिल्डिगे गिर गईं । इन तमाम स्कूलों की मुरम्मत के लिए केवल बीस लाख रुपए का प्रावधान किया गया है, लेकिन राई के अन्दर एक स्पोर्ट स्कूल. है,

उसकी एक बिल्डिग के लिए 35 लाख रुपए की व्यवस्था की गई है जवकि 517 स्कूलों के लिए केवल 20 लाख रुपया रखा गया है । तो मैं सरकार से पूछना चाहता हूं कि किस प्रकार से किसान और गरीब मजदूर जो कि समाज के आखिरी आदमी हैं पनप पाएंगे? दूसरे जो सांस्कृतिक संस्थाएं हैं, स्कूल हैं, पाठशाला हैं, गुरुकुल हैं उनके लिए केवल डेढ लाख रुपए की व्यवस्था की गई है, जबकि पिंजौर गार्डन के लिए साढ़े दस लाख रुपए की व्यवस्था की जा रही है । अगर आप गरीब किसान और मजदूर को उठाना चाहते हैंतो पैसे का किस प्रकार से विभाजन कर रहे हैं? ठीक है कि किसान और मजदूर को उठाने की भावना है लोकिन बजट के अन्दर यह भगवन। व्यक्त नहीं की गई है । बजट के अन्दर तो मैं कुछ और ही पढ़ रहा हूँ । इसमें किसान और मजदूर को कुछ नही मिल रहा है । सभापति महोदय, पर्यटन विभाग पर हमारी सरकार ने 59 लाख रुपया खर्च करने की योजना बनाई है । यह पैसा अय्याशी पर खर्च किया जाएगा लेकिन हमारे जो प्राइवेट कालेज– है उन पर बहुत थोड़ा पैसा खर्च किया जा रहा है । 133 प्राइवेट कालेजों की संख्या हरियाणा में है, उन पर केवल साढ़े चार लाख रुपया ग्रान्ट के रूप में देने का प्रबन्ध सरकार ने किया है । इसमें कोई दो राय नहीं कि यह बजट पास होगा, लेकिन हम लोगों को अपनी छाती पर हाथ रख कर विचार करना चाहिए किं आखिर इस बजट में गरीब आदमी को सरकार ने क्या दिया है? किसान जो इस समाज का आखिरी आदमी है, उसको क्या 'दिया है? बोलते हुए मुझे दुख होता है, किसानों के लिए इस

सरकार ने क्या दिया है? दु:ख के साथ कहना पड़ता कि सारे बजट का पचास प्रतिशत रुपया महंगाई, भत्ते, किराए पर खर्च हो रहा है ।

चेयरमैन साहब हमारे हरियाणा ने एक हवाई जहाज भी खरीदा है, जबकि हरियाणा बाढ़ से तबाह हो रहा है । मैं समझता हूंकि इस हवाई जहाज के खरीदनेकी कोई आवश्यकता नहीं थी । उस हवाई जहाज की मेंटीनैस के लिए आठ लाख 82 हजार रुपए की व्यवस्था की गई है । इस प्रकार से उजडे हुए प्रान्त के लिए बिलकुल अच्छी बात नहीं लग रही है ।

17.00 बजे

हमारे प्रान्त मे इस समय लगभग डेढ लाख के करीब लोग बेरोजगार हैं । अभी हमारे पडोसी प्रान्त ने अपने शिक्षित बेरोजगारों केलिए 40 रुपए महीना का भत्ता दिया है, जो पांच सालों से रोजगार रजिस्टर में अपने नाम दर्ज कराए हुछ हैं । हमारी सरकार ने 8 करोड़ रुपया रेगिस्तान को हराभरा बनाने के लिए व्यवस्था की है । मैं यह चाहूंगा कि कम से कम यहां पर भी एक करोड रुपया शिक्षित बेरोजगार लोगो को निश्चित रुप से बेरोजगारी भत्ता देने त्हे लिए सुरक्षित रख लिया जाए तो उससे एक तो सरकार की यह जिम्मेवारी आ जाती है कि जब तक सरकार उनको रोजगार नहीं देती उन्हे बेरोजगार भत्ता देती रहे, दूसरे इससे हमारे प्रान्त में से बेरोजगारी. की समस्या हल हो

सकेगी अन्यथा हमारे यहां से बेरोज– गारो की समस्या हल नही हो सकती । अब मैं शरावबन्दी की बाबत कुछ कहना चाहूंगा । सरकार ने यह कहा है कि हम शराबबन्दी लागू करेंगे, लेकिन यह मुझे देखकर हैरानी हुई है, कि इस बजट में एक कौड़ी भी शराबबन्दी को लागू करने के लिए, किस प्रकार से उसका प्रचार करेंगे और किस प्रकार से लोगों को प्रोत्साहन देंगे, इस बजट में प्रबन्ध नहीं किया गया है । इस बजट में इस शराबबन्दी को लागू करने के लिए एक पैसे की भी व्यवस्था नहीं रखी गई है । इसके अलावा, पिछले दिनों हमारे वित्त मन्त्री महोदय ने यह कहा कि– हम जो शराबबन्दी लागू कर रहे हैं इससे हमें 4 करोड़ रुपाए का घाटा हो रहा है । यह बात ठीक हो सकती है । लेकिन जब से हरियाणा बना है यानी 1 966 से लेकर 197 7–7 8 तक की जो एक्साईज से इन्कम थी वह ही आप देख लीजिए । 1966 में इससे इन्कम 1करोड़ 49 लाख रुपए की थी, जो कि बढते बढ़ते 28 करोड़ तक पहुंच गई जबकि 1977–78 में साढ़े 24 करोड़ की इन्कम एक्साईज से थी । इस बार भी यह बढ़ कर 26 करोड़ के लगभग हो गई है । फिर मेरी यह बात समझ में नही आती कि इन्हे घाटा कहां से हो गया? हमारी केन्द्रीय सरक्रूार ने यह एलान भी किया है कि जो राज्य सरकारें शराबबन्दी लागू करेंगी उनका घाटा आधा वह पूरा करेगी । जबकि यहं क्रूहावत बिल्कुल मशहूर है कि ' देशों में देश हरियाणा, जहां दूध दही का खाना'' । आज जबकि इस शराब से हरियाणा मे इन्कम बढ़ती जा रही हो, तो इनको ऐसा कहना शोभा नही देता । मैं यह कहता हूं कि अगर

आप जो 292 के लगभग शराब की दुकानें देहातों के अन्दर हैं, उन्हें बन्द कर देते तो कितना ही अच्छा होता । आज 1022 शराब के ठेके हैं । जैसे कि प्रधान मन्त्री जी ने कह आश्वासन दिया है कि चार साल के अन्दर पूर्ण नशाबन्दी लागू कर देंगे, मैं यह चाहता हूं कि एक चौथाई दुकानें यानी 1022 का चौथा हिस्सा यानी 254 दुकानें बन्दकर दी जाती, ताकि हम जनता के अन्दर जाकर यह बात खुलकर कह सकते कि देखो जिस बात के पिछली सरकार ने दरिया बहाए हुए थे हम उसे धीरे–धीरे सही, चार सालों के अन्दर पूर्ण रूप से बन्द कर देंगे । मेरा विचार है कि जनता पार्टी की सरकार को लोगों को यह विश्वास दिलाना चाहिए कि वह उनकी समस्याओं को हल कर रही है । उसके लिए सबसे पहला कदम उसे शराबबन्दी के बारे में शराब के ठेकों और दुकानों को बन्द करने का उठाना. चाहिए । अन्त में मैं इतना ही कह कर बैठ जाता हूं कि जो किसान, गरीब मजदूर के पर, हरियाणा के युवक के पर आप 55 पैसे खर्च करने जा रहे हैं, यह कोई ज्यादा नही है, मैं यह चाहूंगा कि उन्हें इससे भी ज्यादा मिलना चाहिए ताकि उनको यह अहसास हो कि हम हरियाणा के रहने वाले हैं और हमारी सरकार हमारी भलाई के बार में सोच रही है ।

(इस समय बहुत से माननीय सदस्य बोलने के लिए खड़े हुए ।)

श्री सभापति : चौधरी उदय सिंह दलाल मैं हाउस के मैंबरों से एक यह दरख्वास्त करूंगा कि टाईम बहुत थोड़ा है लेकिन बोलने वाले बहुत ज्यादा हैं । इसलिए अगर हरेक आनरेबल मैंबर 3 मिनट से काम चला ले तो उससे बहुत ज्यादा मैंबरों को समय मिल सकेगा ।

श्री सुरेन्द्र सिंह : चेयरमैन साहब, जिन आनरेबल मैंबर्ज को राज्यपाल महोदय के अभिभाषण पर और बजट पर भी मौका मिल चुका है, उन्हें दुबारा बोलने का मौका नही दिया जाना चाहिए ।

श्री सभापति : आपको भी टाईम मिलेगा । देखिए, जिन्होंने कट मोशन दिए हैं पहले उनको मौका दिया जाएगा । फिर उसके बाद जितना समय बचेगा, उसमें ज्यादा से ज्यादा मैंबरों को अकोमोडेट करूंगा । (इस समय बहुत से सदस्य एक साथ बोलने लग गए ।) देखिए इस तरह से आप बोलेंगे तो एक स्पीकर का टाईम तो निकल जाएगा । (कामरेड शंकर लाल जी की ओर से विध्न) देखिए, शंकर लाल जी आप बैठ जाइए । अब सरकारी डिमान्डज हैं, वह आपका प्रोग्राम हो चुका है ।

चौधरी उदय सिंह दलाल : (बादली). चेयरमैन साहब, मैं आपकी मार्फत सरकार से यह कहना चाहता हूंकि जिस भावना से सरकार ने लोगों से वायदा किया था और जिस भावना से बजट पेश किया गया है और जिस भावना से मांगें रखी गई हैं,

मैं इसकी सराहना करता हूं । अब जबकि मुख्य मन्त्री महोदय ने आबियाना और सेल्ज टैक्स पर जो सरचार्ज था, वह वापिस ले लिया, वह तो ठीक किया, लेकिन चूकि टाईम थोड़ा है, पाबन्दी लगी हुई है, इसलिए मैं दो तीन बातें ही सरकार को सुझाव के रूप में कहूंगा । एक तो यह है कि किसानों और फैक्ट्रियों के व्याज में जो डिफैन्स है, वह रेट यकसां कर दिया जाए । जो भी सरकार फैक्ट्रियों वालों से ब्याज का रेट लेती है, उसी रेट से किसान को कर्जा दिया जाए, चाहे वह ट्यूबवैल लगाने के लिए हो, या कुएं लगाने के लिए हो, या रहट लगाने के लिए या किसी और किस्म का भी कर्जा हो । जिस तरह से फैक्ट्रियों वालों से कम रेट लेते हैं, उसी तरह से किसान से भी 2 प्रतिशत ब्याज लिया जाना चाहिए । जो रियायत फैक्ट्री वाले से होती है, वह रियायत उससे भी होनी चाहिए । आप जानते हैं वह खाता पीता तबका है और यह बेचारा कुचला हुआ तबका है । इसलिए मैं यह कहूंगा कि यह जो ब्याज का फर्क है, इसे बराबर किया जाना चाहिए । मेरे काफी भाईयों ने अलग अलग तबकों की मांगें रखी । हर आदमी को दर्द होता है जब किसी आदमी के साथ बे–इन्साफ होता है तो कुछ.. आदमी उसके हक में बोलते हैं, तो कुछ उसके खिलाफ बोलते हैं । आपको पता है कांग्रेस वालों ने पिछले 30 सालों में एक ऐसा सिस्टम डाल दिया कि इस सरकार के लिए उस सिस्टम को ठीक करना मुश्किल हो रहा है । मैं सभापति महोदयसे यह तजवीज करूंगा कि आपको जैसे कि पता ही है 80 प्रतिशत आबादी गांव में रहती है 80 नहीं तो 75 प्रतिशत तो गांव

के आदमी नौकरियों में लगाए जाने चाहिए। चाहे वे गरीब हरिजन हैं, या गरीब मजदूर हैं या किसान हैं, मेरा विचार यह है कि आबादी के हिसाब से रिजर्वेशन होनी चाहिए और उस हिसाब से 75 प्रतिशत तो जो आदमी लिए जाते हैं वे देहात के लिए जाएं और 25 प्रतिशत शहरों से लिए जाने चाहिएं । चेयरमैन साहब, आप गवर्नमैंट की फिर्ग्ज को ही ले लें । आप देखिए 8 क्य 90 प्रतिशत. आदमी आज सर्विसिज में शहरों के लगे हुए हैं । जितनी अच्छी अच्छी पोस्टें हैं, उन पर अफसरों के बेटे लगे ूए है और हमारे देहात के आदमी या तो पुलिस में हैं या फिर खम्भे गाडने पर हैं या फिर

किसी दफ्तर में चपडासी हैं । चेयरमैन साहब, जनता पार्टी की सरकार को पिछली सरकार ने जो गलतियां की हुई हैं, उन्हें नहीं दोहराना चाहिए । जो पिछली सरकार गलत रिवायात डाल गई है, जनता यह उम्मीद लगाए बैठी है कि जनता पार्टी की हमारी. सरकार, तमाम देहात के लोगों को उनका उचित हक उन्हें दिलाएगी । इस बारे में जो हमेशा दिक्कत आई है, वह यह है कि कुछ अफसर ऐसे हैं, जो कि कांटा लगा देते हैं और ऐसी कोई बात सिरे नहीं चढ़ने देते । मैं सरकार को एक तजवीज– पेश करूंगा उससे चेयरमैन साहब, मैं कोई करोड़ों की तो बात नहीं करता, लेकिन लाखों रुपए जरूर बच जाएगे । बिजली' बोर्ड का दफ्तर है, कार्पोरेशन्ज हैं और दूसरे बोर्ड है उनकी यहा पर रखने की क्या जरूरत है? इनको हिसार, भिवानी, रोहतक वगैरह में

भेज– दिया जाए । यहां होने के कारण लोग बड़े परेशान होते हैं और अ फसर लोग जिनका दिल्ली का कोई काम होता है वे कोई कागज तैयार कर लेते हैं और सोनीपत का टूर निकाल लेते है, रोहतक का टूर तैयार कर लेते है और करो में घूमते फिरते हैं और इस तरह से दिल्ली चले जाते है । सरकर को ये आर्डर कर देने चाहिए' कि अगर कोई सरकारी काम होगा, तो वह अफसर बस में जाएगा । कोई बहुत बड़ी. एमरजेंसी. हो, तभी कर का इस्तेमाल किया जाए । एक बात मैं रैस्ट हाउसिज की बाबत कहना चाहता हूं । सरकार को यह आर्डर कर देने चाहिए कि जो आदमी रैस्ट ही उस में ठहरेगा, उसको कम से कम दस रुपए देने पड़ेगे । इससे कह फायदा होगा कि जो लोग खामखाह के लिए दो दिन या तीन दिन रैस्ट हाउसिज में ठहरते हैं वह नही ठहरेंगे और दस रुपए देने से रैस्ट हाउसिज का खर्चा है वह निकलेगा । रैस्ट हाउसिज को भी कुछ आमदनी हो जाएगी ।

चेयरमैन साहब, हर सब–डिवीजन– पर किसान रैस्ट हाउसिज बनाए जाए । इसके लिए सरकार को कुछ खर्च नहीं करन। पड़ेगा । मार्कीट कमेटी का जो पैसा है, पंचायत का जो पैसा है, ब्लाक समिति का जो पैसा है उस पैसे से ये किसान घर बनाए जा सकते है । इनके बनाने से यह फायदा होगा कि कोई टैरक्टर वाला गाड़ी' वाला सब डिवीजन पर किसी कम से आएगा, तो वह रात को यहां रुक सकेगा । इस वक्त तो. हालत यह है कि किसान को, गाड़ी वाले को ठहरने की अगर जरूरत पड़ जाए तो

कोई जगह ठहरने की नहीं होती । इस वक्त तो हालत यह है कि अव्वल तो मार्कीट कमेटी के कोई रैस्ट हाउसिज हैं नही और अगर कही हैं, तो उनको आफिसर इस्तेमाल कर रहे है । या तो वहां पर दफ्तर बना रखा है या रिहायश के लिए इस्तेमाल किया जाता है । चेयरमैन साहब., बिजली का प्वांयट बहुत जरुरी प्वांयट है । पहले मैं अस्पतालों के बारे में कह दूं । अस्पतालों के बारे में मैं सरकार से प्रार्थना कंरुगा कि गांवों में डंगरो और आदमियों के अस्पताल जरूर बनाए जाने चाहिए । शहरोंमें तो प्राइवेट डाक्टर भी होते हैं, उनसे इलाज कराया जा सकता है । गांवों की हालत तो कह है कि वहां पर तो सरकारी डाक्टर भी जाने से गुरेज करते हैं । अगर सारी फिगर गांवों की मंगाई जाए तो कोई भी अस्पताल ऐसा नही मिलेगा, जि समें पिछले तीस साल में पूरा स्टाफ पहुंचा हो हो सकता है कागजों पर सारा स्टाफ हो, लेकिन असलियत में पूरा स्टाफ किसी भी अस्पताल में नहीं पहुंचा । आखिर में मैं कहूंगा बिय गांव का आदमी जो गरीब है, वह हमारा भाई है चाहे वह किसी भी मजहब का है, किसी भी सोसाइटी का है । अगर हमारी कोई जात है तो

वह गांव का गरीब आदमी है और वही हमारा धर्म है । हैमने उसकी राय ली है । इसलिए सरकर से मेरी प्रार्थना हैकि सबसे पहरने गांव के गरीब आदमी को पर उठाने की कृपा करें । इतना कहकर मैं समाप्त करता हूं ।

श्री लहरी सिंह मेहरा (रादौर–अनुचित जाति) : चेयरमैन साहब, आपने जो बोलने का टाईम दिया है उसके लिए मैं आपका शुक्र गुजार हूं । चेयरमैन साहब, ये जो ग्रान्टस हाउस के सामने रखी हैं, जितना भी यह खर्चा है, उसका फायदा गरीब. आदमी, किसान और जो पिछडे लोग हैं, उनको पहुंचेगा, ऐसी मुझे आशा है । बजट में भी और यहां हाउस में भी कहा गया है कि एग्रीकल्चर पर ज्यादा से ज्य! दा खर्चा होगा । बजट का 70 फीसदी पैसा एग्रीकल्चर पर खर्च किया जाएगा । चेयरमैन साहब., मेरी' एक सबमीशन है कि इस पैसे को इस प्रकार से इस्तेमाल किया जांए कि उसका फायदा बड़े–बड़े जमींदारों को न मिले बल्कि ऐसे आदमियों को मिले जो असल में काश्त करते है, मेहनत करते हैं, मजदूरी करते है । अब तक जो भी फायदा होता रहा है, वह बड़े जमींदारो को होता रहा है । जो लोग पांच सात रुपए रोजाना की मजदूरी करके अपना पेट पालते हैं उनको आज तक कोई फायदा नही पहुंचा है । छोटे किसान के लिए अभी तक कुछ नही किया गया सिर्फ बड़े जमीदारों को ही' सरकार फायदा पहुंचाती रही है । इसलिए मेरी प्रार्थना है कि यह बजर इस प्रकार खर्चा जाए कि उसक फा यदा वीकर सैक्शन को हो । उसको इस पैसेका फायदा हो, जो मेहंनत करता है, जो अपने खून पसीने की कमाई करता है उसको इस पैसे का फायदा होना चाहिए ।

इसके साथ–साथ हर डिपार्टमैंट के अन्दर आफिसर्ज ने जिस प्रकार का रवैया अपनाया हुआ है, उसकी तरफ सरकार ने

